नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (SUDA) ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने राज्य के सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है। सुडा ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी निकायों को इस संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी हर महीने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के मिशन संचालक को उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। सुडा ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजे परिपत्र में स्वच्छता दीदियों के द्वारा डोर-टू-डोर सिंगल यूज प्लास्टिक के वैकल्पिक उपायों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सुडा ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक क्षेत्रों, साप्ताहिक बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जन-जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक पर आर्थिक दण्ड का प्रावधान सुनिश्चित करने को कहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए गैर सरकारी संगठनों (NGOs), रहवासी कल्याण संघों (RWAs) एवं स्वसहायता समूहों की सहभागिता से घर-घर जागरूकता अभियान संचालित करने के लिए भी सभी निकायों को निर्देशित किया गया है। सुडा ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कर्मचारियों व विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता अभियान के साथ ही शहर के तीर्थ स्थलों, पर्यटन स्थलों, मुख्य चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, निस्तारी एवं गैर-निस्तारी तालाबों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों की सहभागिता से जन-प्रतिनिधियों, धार्मिक गुरूओं, गणमान्य नागरिकों, स्वच्छताग्राहियों, ब्रांड अम्बैसडर्स, एन.जी.ओ. एवं स्वसहायता समूहों को शामिल कर विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

परिपत्र के माध्यम से नगरीय निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के लिए आयोजित सभी कार्यक्रमों को लोकल/क्षेत्रीय मीडिया/नगरीय निकाय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से प्रसारित व पोस्ट करने के लिए निर्देशित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने निकायों को चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं वेस्ट-टू-आर्ट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन विद्यालय स्तर पर करने को कहा गया है।

# जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए क्रांति - मंत्री लखनलाल देवांगन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**




भाजपा जिला कार्यालय में केसीजी जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवार को पत्रकारवार्ता ली। इसमें विकसित भारत, जी राम जी योजना को लेकर मीडिया से चर्चा की। प्रभारी मंत्री देवांगन ने मनरेगा को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर भी पलटवार किया है। भाजपा नेतृत्व ने ग्रामीणों के लिए विकसित भारतङ्करोजगार और आजीविका की गारंटी मिशन %जी-राम-जी योजना अधिनियम-2025% को भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए क्रांतिकारी योजना बताया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ बिशेषर साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, घम्मन साहू, टीके चन्देल, खम्हन ताम्रकार, शशांक ताम्रकार, नवनीत जैन, डॉ त्रिपाठी, राजेश्री त्रिपाठी, भावेश कोचर, आनंद पटेल, ललित सोनी, गोरेलाल वर्मा, शत्रुघ्न साहू विनय देवांगन, विनय चोपड़ा, अनिल अग्रवाल, प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

**रोजगार की गारंटी को 125 दिन तक बढ़ाया = प्रभारी मंत्री**

प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सरकार ने रोजगार की गारंटी को 125 दिन तक बढ़ाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि कृषि से जुड़े लोगों को योजना का सीधा लाभ मिलेगा। योजना में सरकार ने महिलाओं और भूमिहीन परिवारों का विशेष ध्यान रखा है। राज्य में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है। दुनिया के कई देश भारत की विकास योजनाओं की ओर देख रहे हैं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जब तक नई मजदूरी दर तय नहीं होती, तब तक महात्मा गांधी मनरेगा की दरों के अनुसार भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हाट, कौशल विकास और आय बढ़ाने वाले कार्यों में सरकार सहयोग करेगी, लेबर आधारित उद्योग लगाने वालों को जी-रामजी योजना के तहत लाभ दिया जाएगा।

## फल, फूल सब्जी प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी 9 से 11 जनवरी तक

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

राज्य स्तरीय फल, फूल, सब्जी प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन प्रकृति की ओर सोसाइटी उद्यानिकी विभाग, आईजीकेवी, एमजीयूवीवी, नाबार्ड नगर निगम रायपुर के सम्मिलित प्रयास से गांधी नेहरू उद्यान में दिनांक 9,से 11जनवरी को आयोजित किया जा रहा है




प्रदर्शनी का शुभारंभ के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल रमेन डेका जी अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री माननीय राम विचार नेताम जी विशिष्ट अतिथि माननीय महापौर मीनल चौबे, विधायक माननीय पुरंदर मिश्रा, आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, एमजी यूवीवी के कुलपति प्रो. डॉ. आर आर सक्सेना, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि, उद्यानिकी विभाग के संचालक लोकेश कुमार, जिंदल स्टील के अध्यक्ष प्रदीप टंडन के आथित्य में संपन्न किया जाएगा एवं समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ रमन सिंह, अध्यक्षता सांसद माननीय बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव माथेश्वरण व्ही की उपस्थिति में संपन्न किया जाएगा।

## मुकेश श्रीवास्तव ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने मुकेश श्रीवास्तव को नया प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है । यह निर्णय संगठन के शीर्ष नेतृत्व और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ विचार विमर्श के बाद दिया गया है । ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस एक प्रमुख सामाजिक संगठन है जो दुनिया भर में कायस्थ समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक उत्थान के लिए समर्पित है। इसके वर्तमान ग्लोबल अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद है जो जेडीयू के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता भी है। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की अनेकों शाखाएं देश और विदेशों में फैली हुई है यह संगठन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास करता है। समाज में ऐसे लोग जो वंचित हैं शोषित हैं इन लोगों की मदद में हमेशा प्रयासरत रहता है। नवनियुक्त अध्यक्ष के नाम की घोषणा करते हुए ग्लोबल अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुकेश श्रीवास्तव जी लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और कायस्थ समाज के उत्थान के प्रति समर्पित है हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और भगवान चित्रगुप्त के वंशज एकजुट होकर समाज की प्रगति में योगदान देंगे। जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों और जिला स्तर पर नए पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।



## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने रोबोटिक सर्जरी पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर ने प्रतिष्ठित स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए सफलतापूर्वक एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें तीन दिनों में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस भ्रमण ने युवा विद्यार्थियों को रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी में हो रही प्रगति को समझने तथा इस अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक का वास्तविक अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।



सत्रों के दौरान विद्यार्थियों को दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से परिचित कराया गया, जहाँ विशेषज्ञों ने इसके कार्य करने की प्रक्रिया, उपयोग और शल्य चिकित्सा में इसके परिवर्तनकारी योगदान के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इनवेसिव और नॉन-इनवेसिव प्रक्रियाओं, न्यूनतम चीरे वाली सर्जरी तथा यह भी सीखा कि किस प्रकार रोबोटिक तकनीक सटीकता बढ़ाती है, रिकवरी समय कम करती है और मरीजों के परिणामों में सुधार लाती है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के साथ एक रोचक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया और अपने साढ़े तीन दशकों से अधिक के सर्जिकल अनुभव से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ प्रश्न पूछे और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में रोबोटिक सिस्टम के महत्व को समझते हुए इसे नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त किया। पूरा भ्रमण आरकेसीएच टीम की देखरेख में कुशलतापूर्वक संचालित किया गया, जिससे सभी गतिविधियाँ सुचारू रूप से संपन्न हुईं तथा सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया गया। विद्यार्थियों को देखने के क्षेत्रों में प्रवेश से पूर्व मास्क, स्क्रब्स तथा सभी आवश्यक ओटी सुरक्षा उपाय प्रदान किए गए। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स इस प्रकार के प्रभावशाली शैक्षणिक अनुभवों के माध्यम से अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने और भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रेरित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

**रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के बारे में**

1992 में प्रसिद्ध रोबोटिक सर्जन डॉ. संदीप दवे द्वारा स्थापित, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, केयर हॉस्पिटल्स ग्रुप का हिस्सा है। यह एनएबीएच से मान्यता प्राप्त है और गुणवत्ता एवं नवाचार के लिए जाना जाता है। अस्पताल में अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी, विशेषीकृत आईसीयू और 30 से अधिक विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं, जिनमें कार्डियोलॉजी, न्यूरोसाइंसेज़, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी सहित कई उत्कृष्टता केंद्र शामिल हैं। इसकी 24×7 आपातकालीन सेवाएँ, जिन्हें वर्ष 2025 में एएचपीआई द्वारा सम्मानित किया गया, गंभीर देखभाल सुनिश्चित करती हैं। इम्यूनोथेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट सहित विस्तारित ऑन्कोलॉजी सेवाओं के साथ, अस्पताल किफायती, करुणामय और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## यूको बैंक ने 84वां स्थापना दिवस विशेष रूप से सक्षम और अनाथ बच्चों के साथ मनाया

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

यूको बैंक अंचल कार्यालय, रायपुर ने 06 जनवरी को अपना 84वां स्थापना दिवस विशेष रूप से सक्षम और अनाथ बच्चों के साथ मनाया, उन्हे मिठाई और चॉकलेट बांटे। सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, बैंक ने बाला आश्रम, कचहरी चौक, रायपुर को एक बाटर कूलर दान किया, जिसमे निवासियों को नाफ पीने का पानी मिल मके। एक और नेक काम करते हुए, सरकारी बहु-दिव्यांग गृह माना कैंप को एक टेलीविजन सेट दान किया गया जिससे विशेष रूप से सनम बच्चों को मनोरंजन और जानकारी मिल सके।

बैंक ने तेलीबांधा शाखा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं ना समर्थन करना और स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को बढ़ावा देना था। इसके अलाया, फाफाडीह (रायपुर मेन) शाखा में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया




गया, जिसमें स्थानीय समुदाय के लोगों को बुनियादी चिकित्सा जांच और निवारक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गई। बैंक ने तेलीबांधा शाखा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं का समर्थन करना और स्वजिनक दान की भावना को बढ़ावा देना था। इसके अलावा, फाफाडीह (रायपुर मेन) शाखा में एक स्वास्थ्य बुनियादी चिकित्सा जांच और नि का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय समुदाय के लोगों को सेवाएँ प्रदान की गई।

इसके अलावा, बैंक की कई शाखाओं ने इलाकों में वृक्षारोपण अभियान चलाकर इस अवसर को मनाया, जिससे पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया और एक हरे-भरे भविष्य को बढ़ावा दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए अंचल प्रमुख महोदया सुश्री बीना कुमारी ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों का बैंक पर भरोसा रखने के लिए आभारी है और आश्वासन दिया कि बैंक हमेशा समाज के जरूरतमंद वर्ग को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

## केंद्रीय आम बजट पर छोटे मध्य व्यापारियों को बचाने के लिए नई नीति लाना आवश्यक

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

महादेव घाट रोड व्यापारी कल्याण संघ रायपुर केंद्रीय आम बजट में छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यापार बढ़ाने के लिए औद्योगिक व्यापारिक नीति में बदलाव करते हुए नए प्रस्ताव लाने चाहिए कोई भी बड़े मॉल मेगा मार्ट खोलने की अनुमति में बदलाव करते हुए शहर की सीमा से 10 किलोमीटर दूर की परिधि में अनुमति संचालन की अनुमति दी जाए जिससे छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यापार को नुकसान या बंद करने की नौबत नहीं आएगी सभी व्यापारियों का व्यापार सुचारू रूप से संचालित होकर जीवीकोपार्जन कर सकेंगे छोटे व्यापारियों को व्यापार का ग्राफ बढ़ाने के लिए ऋण नीति लचीली बनाकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए व्यापार बढ़ेगा देश विकसित भारत दिशा की ओर बढ़ेगा यू पीआई लिमिट की सीमा बढ़ाई जाए व्यापार के साथ-साथ कई वस्तुओं पर जीएसटी दरो में सुधार कर उन्हें सरल मनाया जाए ई वे बिल पर छूट दी जाए आम बजट के साथ-साथ रेल बजट भी प्रस्तुत किया जाता है जिसमें छत्तीसगढ़ में बिलासपुर या उरकुरा में रेलवे कोच फैक्ट्री या बैगन फैक्ट्री लगाया जाए जिससे छत्तीसगढ़ का लोगों को रोजगार की प्राप्ति हो सकती है उल्लेखनीय भारतीय रेल की अर्थव्यवस्था में रायपुर रेल मंडल से पूरे भारत में सबसे अधिक राजस्व देने वाला राज्य है यहां पर कई राज्यों से इंडस्ट्रीज औद्योगिक व्यापारिक कार्यों से व्यापारियों का कई राज्यों से कनेक्टिविटी है यूपीआई की सीमा बढ़ाई जाए कृषि क्षेत्र पर और सुधार की जरूरत है स्वास्थ्य योजना में सभी व्यक्तियों को शामिल कर लाभ दिलाया जाए शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक नई नीति लाकर सुदृढ़ बनाया जाए जिससे बच्चे लोगों को पढ़ाई में और अधिक रुचि होकर देश के लिए विकसित भारत का निर्माण कर सके जिससे पार्सल कोयला जैसे अन्य व्यापार रेलवे को राजस्व के रूप में प्राप्त होता है वाया नागपुर बिलासपुर से भगत की कोठी जैसलमेर तक बढ़ाने एवं कुम्हारी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करते हुए उन्हें अमृत योजना में शामिल किया जाए जैनियों का पवित्र तीर्थस्थान केवल्य धाम प्राचीन स्थान होने के कारण कुम्हारी स्टेशन का नाम परिवर्तन कर कैवल्य धाम रखा जाए।



# छत्तीसगढ़ के बिजलीघरों के सर्वाधिक पीएलएफ का कीर्तिमान

**सीईए के अनुसार अभी तक देश में तीसरा स्थान**

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा दिसम्बर 2025 में राज्य विद्युत उपक्रमों के अन्तर्गत आने वाले बिजलीघरों की समीक्षा के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का कामकाज देश में तीसरे नंबर पर रहा है। वहीं दिसम्बर 2025 में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के बिजलीघरों ने 87.11 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) के सर्वोच्च स्तर को स्पर्श किया है। तथा 1840.67 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव तथा प्रबंध निदेशक श्री एस.के.कटियार ने इस उपलब्धि को शानदार टीम वर्क का परिणाम बताया है।



केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण राज्य क्षेत्र की 33 संस्थाओं के कामकाज का मूल्यांकन करती है। इसमें राज्य विद्युत मण्डल तथा राज्य पॉवर कंपनियां शामिल होती है। सीईए की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में पंजाब, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पीछा छोड़ा है वहीं उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल राज्य छत्तीसगढ़ से आगे है। जहां तक दिसम्बर 2025 के पीएलएफ का सवाल है तो उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विगत 15 वर्षों में एक बार ही इससे अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। दिसम्बर 2025 का पीएलएफ सर्वाधिक है। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में भी एक ही बार 87.11 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। इस तरह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के इतिहास में दिसम्बर माह में सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने का यह दूसरा मौका है। यह उपलब्धि यह साबित करती है कि इस माह में बिजलीघरों के संचालन में नगण्य व्यवधान उपस्थित हुआ। निर्धारित समय पर उचित रखरखाव प्रक्रिया का पालन करने से ऐसी उपलब्धियां दर्ज की जाती है।

## टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत अनेक स्थानो पर अवैध निर्माणो पर कार्यवाही

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत रायपुर नगर निगम के जोन 1 क्षेत्र अतर्गत नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी के मार्ग निर्देशन और कार्यपालन अभियंता श्री द्रोणी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता श्री शरद देशमुख, उपज भियता सुश्री अंकिता सोनवर्षा सहित अन्य संबंधित नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग कर्मचारियों, नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उडनदस्ता की टीम द्वारा संयुक्त रूप से नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के भिन्न स्थानो पर अवैध निर्माणो पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही आज अभियानपूर्वक की गई। नगर निगम जोन 1 अधिकारियों ने बताया कि जोन 1 अंतर्गत भनपुरी से खमतराई जाने वाले मार्ग पर 1 स्थान पर अवैध रूप से निर्माणाधीन शेड को तोड़ने की कार्यवाही स्थल पर की गई है। बसत विहार गेट नंबर 1 के पास निर्मित लगभग 10 अवैध दुकाने अभियान पूर्वक तोडने की कार्यवाही की गई है। गोविंद नगर एवं अन्य स्थानों में निर्माणाधीन लगभग 7 मकानो को नियमानुसार तोडने की कार्यवाही नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग द्वारा स्थल पर की गई है। जोन 1 क्षेत्र में 5-5 की सीरीज में निर्माणाधीन अवैध रो हाउस को तोडने की कार्यवाही अभियान के अत्तर्गत नगर निगम द्वारा की गई है।



## सम्पादकीय

# पंजाब में बढ़ते अपराध

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पंजाब में सरेआम की जा रही लक्षित हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुस्साहसी हत्यारे अपने मंसूबों को अंजाम देकर साफ निकल जाते हैं। यह विडंबना ही है कि पंजाब में नये साल की शुरुआत दिनदहाड़े हुई हत्याओं की एक श्रृंखला के साथ हुई है। अब चाहे लुधियाना जिले में एक पूर्व कबड्डी खिलाड़ी की निर्मम हत्या हो या अमृतसर के मैरिज रिसॉर्ट में एक विधायक के करीबी सरपंच की गोली मारकर बेरहमी से हत्या, इनसे पता चलता है कि पंजाब के अपराधियों में कानून का भय नहीं रह गया। निश्चित रूप से ये घटनाएं पंजाब में गंभीर चुनौती बनती एक जटिल समस्या की ओर इशारा करती हैं। इस चिंताजनक होती स्थिति की वजह लगातार अपराधी गिरोहों के नेटवर्क का मजबूत होना, घातक हथियारों की सहज उपलब्धता और पुलिस बल पर लगातार बढ़ता दबाव भी है। दूसरी ओर विपक्षी दल आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चलाए रहते हैं और राजनीतिक लक्ष्यों के लिये मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग करते रहते हैं। वहीं सरकार इस संकट को अपने पूर्ववर्तियों द्वारा विरासत में छोड़ा गया बताते हैं। लेकिन एक हकीकत है कि इन बयानबाजियों से नागरिकों की असुरक्षा कम नहीं होती है। वहीं पंजाब के शीर्ष पुलिस अधिकारियों की दलील होती है कि पंजाब में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। लेकिन राज्य में बढ़ते अपराधों के संकट को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से जब हत्याएं राज्य के भीड़भाड़ वाले इलाकों में होती हैं तो लोगों का कानून व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। वहीं दूसरी ओर राज्य के पुलिस महानिदेशक की दलील है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ड्रोन के जरिये हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भेजकर सीमांत राज्य पंजाब के खिलाफ परोक्ष युद्ध छेड़े हुए है। निश्चय ही यह बात इस सीमावर्ती राज्य के लिये गंभीर चिंता का विषय है। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के डीजीपी का पाक से अपराधियों को प्रश्रय देने वाला बयान चिंता बढ़ाने वाला है। खासकर उस राज्य के लिये, जिसने एक दशक तक उग्रवाद का सामना किया हो। लेकिन पंजाब के अपराध संकट के लिये केवल बाहरी कारकों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यह पुलिस विभाग की शिथिलता व खुफिया तंत्र की नाकामी के साथ सामाजिक विद्रूपताओं से भी उपजा संकट है। निस्संदेह, राज्य में अधिक बेरोजगारी है। बंदूक संस्कृति का महिमामंडन भी गंभीर चुनौती है। वहीं दूसरी ओर युवाओं में रातों-रात धनवान बनने का लालच भी स्थानीय व क्षेत्रीय गिरोहों के पनपने की गंभीर वजह है। इसके अलावा पुलिस विभाग की संरचना की भी कुछ विसंगतियां सामने आती हैं।

# सशक्त मानसिकता से आत्मनिर्भरता की ओर

## पोषण निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं सूरजपुर की महिलाएं



धनंजय राठौर (संयुक्त संचालक)



प्रदीप कंवर (सहायक संचालक जनसंपर्क)





**रायपुर।** आर्थिक रूप से सशक्तिकरण की नींव सशक्त मानसिकता पर आधारित होती है। दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास व्यक्ति को सफलता की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। सूरजपुर जिले की स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने इस सोच को व्यवहार में उतारते हुए आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की है। ये महिलाएं न केवल स्वयं सशक्त बन रही हैं, बल्कि जिले की महिलाओं एवं बच्चों को पोषण उपलब्ध कराने के अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### पोषण और महिलाओं का सशक्तिकरण दोनों होता है

पोषण आहार (रेडी-टू-ईट या आरटीई) निर्माण संयंत्र सरकार द्वारा संचालित ऐसी इकाइयाँ हैं, जो आंगनवाड़ियों और अन्य योजनाओं के तहत बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के लिए पौष्टिक, पहले से तैयार भोजन बनाती हैं, जिसे महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा चलाया जाता है, जिससे पोषण और महिलाओं का सशक्तिकरण दोनों होता है, जिसमें गेहूं, दालें, और दूध जैसे घटक शामिल होते हैं, जो प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।

**तीनों संयंत्रों में 32 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से पोषण आहार निर्माण कार्य में संलग्न :** जिले प्रशासन द्वारा जिले में कुल 07 पोषण आहार निर्माण संयंत्र स्थापित किए गए है। यहां वर्तमान में भैयाथान, प्रतापपुर एवं सूरजपुर विकासखंड में तीन संयंत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इन तीनों संयंत्रों में 32 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से पोषण आहार निर्माण कार्य में संलग्न हैं। निर्मित पोषण आहार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार स्व-सहायता समूहों की महिलाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण में अप्रत्यक्ष किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बात है कि पोषण आहार के निर्माण के साथ-साथ उसके वितरण की भी जिम्मेदारी भी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई है।

### स्वादिष्ट एवं पौष्टिक नमकीन दलिया तथा मीठा शक्ति आहार का निर्माण

जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तत्काल उपभोग हेतु तैयार पोषण आहार (रेडी टू ईट) निर्माण संयंत्र का शुभारंभ किया गया है। इन संयंत्रों में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक नमकीन दलिया तथा मीठा शक्ति आहार का निर्माण किया जा रहा है, जो विटामिन 'ए', विटामिन 'डी', थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, पाइरीडॉक्सिन, फोलिक अम्ल, कोबालामिन, लोह तत्व (आयरन), कैल्शियम एवं जिंक जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर है।

### भैयाथान विकासखंड में 15 स्व-सहायता समूह

सूरजपुर विकासखंड में 15 स्व-सहायता समूह तथा प्रतापपुर विकासखंड में 13 स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से वितरण कार्य में अपनी भूमिका निभा रही है। इन समूहों के माध्यम से कुल 430 महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों तक पोषण आहार वितरण कार्य में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इस योजना से महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मानसिक रूप से सशक्त ये महिलाएं अब घरेलू कार्यों के साथ-साथ आजीविका से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह पहल न केवल निश्चित रूप से जिले में पोषण स्तर सुधारने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

# रोजगार गारंटी में सुधार : भावनाओं के बजाय तथ्यों पर आधारित हो बहस

शैलेश कुमार सिंह



लोकतंत्र में लोकनीति पर सार्वजनिक बहस स्वाभाविक ही नहीं, बल्कि जरूरी भी है। आजीविकाओं (खास तौर से ग्रामीण परिवारों के लिए) को आकार देने वाले कानूनों की कड़ाई से समीक्षा की ही जानी चाहिए। लेकिन इस तरह की समीक्षा नए कानून के प्रावधानों के सावधानी पूर्वक अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए। यह पिछले फ्रेमवर्क से निकाले गए अनुमानों या नुकसान के भय पर आधारित नहीं होनी चाहिए। मगर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 की ज्यादातर आलोचनाएं इस जाल में फंस जाती हैं। इनमें जल्दबाजी में पिछली नाकामियों का विश्लेषण कर उनका ठीकरा सुधार पर ही फोड़ दिया जाता है। दो दशक पहले बनाए गए रोजगार गारंटी कानून ने ग्रामीण आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संकट के वक्त सुरक्षा प्रदान की। कोविड की वैश्विक महामारी जैसे संकट के समय में इसके योगदान को स्वीकार किया गया है। लेकिन समय के साथ अनुभव से इसकी दीर्घकालिक ढांचागत कमियां भी उजागर हुई हैं। मजदूरी के भुगतान में बार-बार देरी हो रही थी। प्रक्रियात्मक अवरोधों ने बेरोजगारी भत्ते को अप्रभावी बना दिया था। विभिन्न राज्यों में इस योजना तक पहुंच में काफी अंतर था। प्रशासनिक क्षमता असमान थी तथा फर्जी जॉब कार्ड, उपस्थिति के रजिस्टर में हेरफेर और खराब गुणवत्ता वाली संपदाओं के सृजन से बड़े पैमाने पर धन की बर्बादी हुई। ये छोटी नहीं, बल्कि प्रक्रियात्मक खामियां थीं। इसलिए मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि क्या सुधार की जरूरत थी। मुद्दा यह है कि क्या नए फ्रेमवर्क में इन खामियों को सार्थक ढंग से दूर किया गया है। आम दावा है कि नए कानून में बुनियादी कमियां तो बनीं रहीं और समूची बहस को संक्षिप्ताक्षरों की होड़ में समेट दिया गया। लेकिन हकीकत में इसका उलट ही सच के ज्यादा करीब है। नया कानून डिलीवरी की उन कमियों को दूर करने पर केंद्रित है जिनकी वजह से पिछले फ्रेमवर्क की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा था। कमजोर परंपरागत प्रणालियों की जगह सत्यापित कामगार पंजीकरण ने ले ली है। देरी के लिए स्वत: मुआवजे के प्रावधान के साथ मजदूरी भुगतान की वैधानिक समय सीमाएं तय की गई हैं। अयोग्यता के उन प्रक्रियात्मक प्रावधानों को खत्म कर दिया गया है जिनकी वजह से बेरोजगारी भत्ता अप्रभावी बन गया था। स्पष्ट समयसीमा और जवाबदेही के साथ शिकायत निवारण को मजबूत किया गया है। ये दिखावटी बदलाव नहीं हैं। ये उन खामियों को दूर करते हैं जिनसे कामगारों का विश्वास टूटता था। एक अन्य आलोचना यह है कि रोजगार गारंटी को खत्म कर दिया गया है। इनके अनुसार नई योजना में पुरानी कमजोरियां बनी हुई हैं। इस तरह की आलोचना सही नहीं है। वेतन रोजगार के कानूनी अधिकार को बरकरार और न्यायसंगत रखा गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह कि रोजगार की वैधानिक पात्रता को 100 दिनों से बढ़ाते हुए 125 दिन कर दिया गया है। बदलाव क्रियान्वयन की संरचना में किया गया है। पुराने कानून का मॉडल टुकड़ों में बंटा हुआ और प्रतिक्रियात्मक था। यह अक्सर संकट शुरू हो जाने के बाद ही हरकत में आता था। नए कानून का फ्रेमवर्क योजनाबद्ध और लागू करने योग्य है। इसे पूर्वानुमान के आधार पर कार्य सौंपे जाने के लिए डिजाइन किया गया है। वैधानिक सुधार के जरिए क्रियान्वयन की नाकामियों को दूर किए जाने को दोहराव नहीं, बल्कि संशोधन माना जाना चाहिए। बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे अधिक गरीब आबादी वाले राज्यों को पहले के फ्रेमवर्क के तहत सबसे कम लाभ मिलने के सम्बन्ध में जो चिंताएं जताई गई हैं, वे सही हैं लेकिन यह बात सुधार की जरूरत को और मजबूत करती है, न कि उसे कमजोर करती है। इन राज्यों में मनरेगा का लाभ कम पहुंचा यह योजना की एक बड़ी विफलता थी। बिना किसी ठोस योजना के सिर्फ मांग के आधार पर चलने वाला मॉडल उन राज्यों के पक्ष में रहा जिनकी प्रशासनिक क्षमता बेहतर थी, जबकि अधिक जरूरत और पलायन वाले राज्य पिछड़ गए। नया फ्रेमवर्क सीधे तौर पर इस असंतुलन को दूर करता है, यह रोजगार पैदा करने के काम को 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से जोड़ता है, जहाँ स्थानीय मांग और कामों की पहले से मंजूरी को सुनिश्चित फंडिंग के साथ मिलाया जाता है। असमान वितरण ही सुधार की जरूरत की असली वजह थी; पुरानी व्यवस्था को बनाए रखने का मतलब केवल मौजूदा असमानताओं को और बढ़ाना होता। इसके अलावा, निष्पक्ष मानकों पर आधारित आवंटन से राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता आएगी। आलोचना का एक पक्ष यह भी है कि 125 दिनों का रोजगार देने का विस्तार केवल दिखावा है, क्योंकि अब राज्यों को भी खर्च का एक हिस्सा उठाना होगा। यह तर्क पहले के उदाहरणों और सुरक्षा उपायों दोनों को नजरअंदाज करता है। केंद्र और राज्यों के बीच खर्च बांटने का यह तरीका केंद्र-प्रायोजित योजनाओं के पुराने नियमों के अनुसार ही रखा गया है। वहीं, उत्तर-पूर्वी और हिमालयी राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 90:10 के अनुपात (जहाँ केंद्र 90 और राज्य 10 प्रतिशत खर्च उठाते हैं) को जारी रखा गया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि योजना बनाकर काम करने से पैसों का बेहतर इस्तेमाल होता है, जिससे अनिश्चितता खत्म होती है और योजना को लागू करने में कम रुकावटें आती हैं। अधिकारों का दायरा बढ़ाना और साझा जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल को दर्शाता है, न कि कमजोरी को। ग्रामीण सड़कों से लेकर, आवास और पीने के पानी जैसे कई सफल राष्ट्रीय कार्यक्रम भी इसी तरह की व्यवस्था के तहत काम करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों को अक्सर नए फ्रेमवर्क का संभावित शिकार बताया जाता है। लेकिन सिर्फ़ आर्थिक कमजोरी ही राज्यों के बाहर होने का कारण नहीं है। पिछली व्यवस्था के तहत, राज्यों का इस योजना से बाहर होना अक्सर खराब प्लानिंग, सरकारी मशीनरी की कम क्षमता और काम करने के तरीके में आने वाली रुकावटों की वजह से था। नया कानून पहले से की गई तैयारी, जनता की भागीदारी और प्रौद्योगिकी के जरिये जोखिमों को कम करने की कोशिश करता है। नयी व्यवस्था में एक बार योजना मंजूर होने के बाद, काम देने से मना करने की अधिकारियों की शक्ति को कम किया गया है और पारदर्शिता तथा जवाबदेही को मजबूत किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशासनिक खर्च को 6% से बढ़ाकर 9% कर दिया गया है जिससे राज्य अपनी जमीनी क्षमता को कार्यक्रम की विशालता के अनुरूप मजबूत बना सकें। किसी राज्य विशेष की अपनी चुनौतियाँ उस राष्ट्रीय सुधार को गलत साबित नहीं करतीं, इसका उद्देश्य पूरी व्यवस्था की कमजोरियों को ठीक करना है। आलोचक यह भी कहते हैं कि पहले के फ्रेमवर्क के तहत कई जरूरतमंद राज्यों में रोजगार के सबसे कम दिन मिले, और बहुत कम परिवार ही कानूनी सीमा तक पहुँच पाए। यह बात सुधार के तर्क को कमजोर नहीं करती, बल्कि उसे और भी मजबूत बनाती है। नया फ्रेमवर्क, दर्ज की गई मांग को मंजूर किए गए कामों, तय समय सीमा में पूरा करने और बेरोजगारी भत्ते को सुनिश्चित करेगा। इसका मकसद सीधा है: कानूनी हक को असल और भरोसेमंद रोजगार के दिनों में बदलना, खासकर उन इलाकों में जहाँ पहले सुविधाओं की कमी थी। पुरानी 'मांग-आधारित' योजना और नई 'आपूर्ति-आधारित' योजना के बीच के अंतर को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। व्यवहार में, यह अंतर इतना बड़ा नहीं है। नया फ्रेमवर्क डिमांड को कम नहीं करता; बल्कि यह योजना के माध्यम से इसे एक संस्थागत रूप देता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मांगी गई मांग को पूरा भी किया जा सके। संसाधनों के भरोसे के साथ की गई एक नियोजित मांग, उस सैद्धांतिक अधिकार से कहीं ज्यादा सशक्त है जो कभी पूरा ही नहीं हो पाता। रोजगार गारंटी का अधिकार-आधारित स्वरूप, कमजोर होने के बजाय और मजबूत हुआ है। काम के दिनों को बढ़ाकर 125 दिन करना, मजदूरी भुगतान के लिए कानूनी रूप से लागू समय-सीमा, देरी होने पर अपने-आप मिलने वाला मुआवजा, हक छीनने वाली शर्तों को हटाना, और शिकायत निवारण के लिए अपील की सुविधा ये सब मिलकर 'काम के अधिकार' की व्यावहारिक उपयोगिता को बढ़ाते हैं। अधिकार सबसे ज़्यादा तब मायने रखते हैं जब उनका प्रशासनिक बाधाओं के बिना इस्तेमाल किया जा सके। यहां तक कि आलोचक भी मानते हैं कि योजना को लागू करने की विफलताएं जैसे भ्रष्टाचार, फर्जी जॉब कार्ड, उपस्थिति रजिस्टर में हेरफेर और खराब गुणवत्ता वाली संपदाओं का निर्माण, पुराने फ्रेमवर्क की सबसे बड़ी कमजोरियां थीं। यह सुधार इन्हीं विफलताओं को दूर करने की कोशिश करता है, जिसके लिए सत्यापित लाभार्थी प्रणाली, मजबूत ऑडिट और अन्य योजनाओं के साथ मिलकर संपदा निर्माण का सहारा लिया गया है।

## धुन के पक्के प्रदीप ने अपनी जिद से बदली किस्मत की तस्वीर

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह









धनंजय राठौर (संयुक्त संचालक)



लक्ष्मीकांत कोसरिया (उप संचालक)

**रायपुर।** धुन के पक्के लोग अपने संकल्प और परिश्रम से न केवल स्वयं का जीवन संवारते हैं, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। वैशाली नगर, राजनांदगांव निवासी श्री प्रदीप कुमार रामराव देशपांडे ने अपने दृढ़ इरादों से यह सिद्ध कर दिखाया है कि सही योजना और मेहनत के सहारे आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

**महिला स्वसहायता समूह को मिला स्थायी रोजगार :** उद्योग की स्थापना के साथ ही श्री देशपांडे ने कौरिनभाठा स्थित संस्कारधानी महिला कृषक अभिरुचि स्वसहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा। इससे महिलाओं को नियमित आय का साधन मिला और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुईं, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक परिवर्तन आया।

**आधुनिक मशीनों से बढ़ी उत्पादन और मूल्य संवर्धन क्षमता :** योजना से प्राप्त राशि का उपयोग कर उन्होंने आईटीआई मुंबई से चिरौंजी डिकॉल्डीकेटर मशीन क्रय की। इस मशीन के माध्यम से चिरौंजी का छिलका अलग कर गिरी निकाली जाती है, वहीं छिलकों से चारकोल का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही चिरौंजी, हर्रा एवं बहेरा की गिरी से तेल निष्कर्षण तथा हर्रा-बहेरा डिकॉल्डीकेटर मशीन द्वारा छाल पृथक्करण का कार्य भी किया जा रहा है।

**सोलर ऊर्जा से संचालित प्रोसेसिंग यूनिट :** ग्रामीण एवं वनीय क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की असुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री देशपांडे ने अपने प्रोसेसिंग यूनिट को सोलर प्लांट से संचालित किया है। सोलर ऊर्जा के उपयोग से बिजली बिल शून्य हो गया है और उत्पादन कार्य में निरंतरता बनी हुई है, जिससे लागत में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह :** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत श्री प्रदीप कुमार रामराव देशपांडे ने अपना उद्योग प्रारंभ कर स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस योजना ने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया।

**लघुवनोपज आधारित उद्योग से मिली आर्थिक मजबूती :** प्रदेश में उपलब्ध लघुवनोपज की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चिरौंजी, हर्रा एवं बहेरा पर आधारित प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना की। इस उद्योग के लिए मशीन एवं शेड निर्माण हेतु कुल 5 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 2 लाख 13 हजार 500 रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

**योजना के तहत 10 लाख रूपए तक सब्सिडी :** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के छोटे उद्यमियों (सूक्ष्म उद्यमों) को सशक्त बनाने, उन्हें औपचारिक बनाने और बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है, जिसके तहत नए और मौजूदा उद्यमों को ऋण-आधारित सब्सिडी (35 प्रतिशत तक, अधिकतम 10 लाख रुपये), ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहायता, सामान्य बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण जैसी मदद मिलती है, जिससे वे आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के तहत प्रतिस्पर्धा कर सकें और आय बढ़ा सकें।

### चार राज्यों तक विस्तारित कारोबार, सालाना 4 लाख की आय

*चिरौंजी, हर्रा और बहेरा उत्पादों की बाजार में निरंतर मांग के चलते उनका व्यवसाय अब छत्तीसगढ़ के साथ-साथ महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा तक विस्तारित हो चुका है। इस व्यवसाय से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख रुपये की आय प्राप्त हो रही है, जिससे उनका जीवनस्तर बेहतर हुआ है।*

### वन संरक्षण, आजीविका और जागरूकता का समन्वय

इस पहल से वनीय क्षेत्रों में लघुवनोपज के संग्रहण, पौध संरक्षण एवं सतत आजीविका के प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्वसहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिलने से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति व्यक्त किया आभार

श्री प्रदीप कुमार रामराव देशपांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना स्वरोजगार को बढ़ावा देने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महापौर मीनल, विधायक पुरंदर मिश्रा, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष और पार्षद उपस्थित रहें

# 30-30 लाख के 2 नवीन आकांक्षीय शौचालयों का शीघ्र निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मीनल चौबे ने जगन्नाथ मंदिर के समीप एवं स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब नवीन उद्यान के समीप लगभग 30-30 लाख के 2 नवीन आकांक्षीय शौचालयों का शीघ्र निर्माण करने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष, पार्षदों सहित नागरिकों को जीवन में स्वस्थ परिवेश देने हेतु किया भूमिपूजन रायपुर - आज नगर पालिक निगम रायपुर की श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्षेत्र अंतर्गत रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरोवर गायत्री नगर जगन्नाथ मन्दिर के समीपस्थ और नगर निगम जोन 4 अंतर्गत स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड अंतर्गत स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के नवीन उद्यान के समीप लगभग





30-30 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से 10-10 सीटर 2 नवीन आकांक्षीय शौचालयों का शीघ्र

निर्माण और विकास करने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, एमआईसी सदस्य श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, श्रीमती संजना संतोष हियाल, अमर गिदवानी, जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड पार्षद श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू, नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन नगर निगम जोन 3 सहायक अभियंता नरेश साहू उप अभियंता जयनंदन डहरिया, सुकृष्णा राठी सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आमजनों की उपस्थिति में भूमि भूमिपूजन श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर किया।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 3 व 4 के संबंधित अधिकारियों को स्वीकृति अनुसार शीघ्र नवीन आकांक्षीय शौचालय का निर्माण और विकास कार्य जगन्नाथ मंदिर गायत्री नगर के समीप और स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब नवीन उद्यान के समीप नागरिकों को जीवन में स्वस्थ परिवेश देने प्रारम्भ करवाकर सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करवाना प्राथमिकता के साथ जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया।

### उच्च स्तरीय जलागार एवं सम्पवेल की सिल्ट सफाई एवं डिसइंफेक्शन का कार्य अनिवार्य रूप से करें - आयुक्त

# जलजनित रोगो की कारगर रोकथाम हेतु आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोनों को दिये आवश्यक निर्देश

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों और कार्यपालन अभियंता जल को जलजनित रोगो की कारगर रोकथाम करने आवश्यक निर्देश दिये है। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि रायपुर शहर में स्थापित उच्चस्तरीय जलागार एवं सम्पवेल की सिल्ट सफाई एवं डिसइंफेक्शन का कार्य अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें । साथ ही की गई सफाई के दिनांक का उल्लेख जल टंकियों, सम्पवेल में अनिवार्य रूप से करवाया जाये आयुक्त द्वारा जोन में स्थापित हैण्डपंप, पावर पंपों को सोडियम हाइपोक्लोराइड एवं ब्लीचिंग पावडर का उपयोग कर चरणबद्ध डिसइन्फेक्शन करने के निर्देश दिये गए है। वर्तमान में जल जनित रोगों की संभावना को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध डिसइन्फेक्शन किया जाये। डिसइन्फेक्शन किया जाकर प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर मानक अनुरूप जल प्रदाय सुनिश्चित करे। साथ ही




किये गए डिसइन्फेक्शन का चरणबद्ध प्रमाणित प्रति मुख्यालय जल विभाग को आवश्यक रूप से प्रेषित करेंगे। नालियों से होकर गुजरने वाले मेन राईजिंग लाईन, डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईनों को शिफ्टिंग करवाया जाये। कार्य हेतु प्रस्ताव मुख्यालय में प्रेषित कर अविलंब शिफ्टिंग कार्य किया जाना सुनिश्चित करे। समस्त जोन प्रतिदिन अलग अलग टेल एण्ड प्वाइंट से 10 से 15 जल सेम्पल एकत्रित कर फिल्टरप्लांट की प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा जाना सुनिश्चित करें। किसी भी जल सेम्पल का परीक्षण संदिग्ध पाये जाने की स्थिति में तत्काल जोन को अवगत करावें।

जोन अंतर्गत जल वितरण पाइप लाईन का लाइनमेन के माध्यम से नियमित रूप से निरीक्षण कराना सुनिश्चित करे, पाइप लाईन में लिकेज, डैमेज होने पर तत्काल संधारण कार्य कराये तथा सुनिश्चित करे कि किया जा रहा जलप्रदाय मानक अनुरूप है। टंकियों के टेल एण्ड में रेसीड्यूल क्लोरिन की मात्रा मानक के अनुरूप हो, निर्धारित मात्रा से कम पाये जाने की स्थिति में जोनों के माध्यम से जल टकियों में एवं आवश्यकतानुसार रिक्लोरिनेशन (सोडियम हाइपोक्लोराइड, ब्लीचिंग पावडर) का डोजिम किया जायें। टेल एण्ड में किये गये टेस्टिंग का रिकार्ड मुख्यालय स्तर पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

जल वितरण पाइप लाईन के अंतर्गत आने वाले सभी वाल्व चेम्बरों का निरीक्षण कर वाल्व चेम्बरो में जल भराव, गंदगी न होवे इस हेतु वाल्व चेम्बरों का भी डिसइन्फेक्शन, सफाई किया जाना सुनिश्चित करावे। फिल्टरप्लांट की प्रयोगशाला में CPHEEO के मापदण्डों के अनुरूप जल सेम्पलो (पावरपंप, हैण्डपंप, सार्वजनिक नल) का अधिकतम परीक्षण किया जाये तथा नियमित रूप से राज्य स्तरीय प्रयोगशाला (NABL) से भी जल सेम्पल (सभी प्लांट, जल टंकी, टेल एण्ड) का परीक्षण कराकर जल की शुद्धता सुनिश्चित करे।

जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु जोन के उप अभियंता, सहायक अभियंता (जल), कार्यरत फील्ड अधिकारी, कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र को मजबूत रखा जाये। जोन स्तर पर निदान 1100 में दर्ज जल संबंधी शिकायतों का पंजी संधारण कर इसका तत्काल निराकरण कराया जावे।

# रायपुर नगर निगम में 11 कार्यों के लिए 2.34 करोड़ स्वीकृत

### उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति आदेश जारी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 11 कार्यों के लिए दो करोड़ 34 लाख 44 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-8 महात्मा गांधी वार्ड में दो सी.सी. रोड के लिए क्रमशः साढ़े नौ लाख रुपए और नौ लाख 98 हजार रुपए मंजूर किए हैं। विभाग द्वारा महात्मा गांधी वार्ड में ही सी.सी. रोड और नाली निर्माण के लिए 16 लाख 70 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड क्रमांक-3 संत कबीर दास वार्ड में तीन सी.सी. रोड व नालियों के निर्माण के लिए 30 लाख रुपए तथा 19-19 लाख रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने वार्ड क्रमांक-5 बंजारी माता वार्ड में पांच कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की है।

इनमें 35 लाख रुपए तथा 18 लाख 44 हजार रुपए लागत के दो सी.सी. रोड व पुलिया निर्माण के कार्य शामिल हैं। बंजारी माता वार्ड में दो सी.सी. रोड के लिए 17 लाख 69 हजार रुपए एवं 19 लाख 13 हजार रुपए के साथ ही विभाग द्वारा सड़क व नाली निर्माण के लिए 40 लाख 44 रुपए की भी मंजूरी प्रदान की गई है।

# 3 स्थानों पर लगभग 1 - 1 हजार वर्गफीट में बिना अनुमति निर्माणाधीन अवैध निर्माणों को जेसीबी से तोड़ा

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला सहायक अभियंता



योगेश यदु उपअभियंता अजय श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित नगर निवेश विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड कमांक 49 अंतर्गत पुरैना क्षेत्र में 3 विभिन्न स्थानो पर नगर निवेश निर्माणाधीन अवैध निर्माणो को जेसीबी मशीन की सहायता से अभियान पूर्वक तोडने की कार्यवाही स्थल पर की गई।

# बस्तर अब बदल रहा, लाल आतंक खात्मे की ओर-सीएम साय

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बस्तर अब निर्णायक रूप से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। लाल आतंक के खात्मे के साथ क्षेत्र शांति, विश्वास और विकास की राह पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सुकमा जिले में ?64 लाख के इनामी 26 हार्डकोर माओवादियों के आत्मसमर्पण को न केवल एक बड़ी सुरक्षा सफलता, बल्कि मानवीय विश्वास और पुनर्वास नीति की जीत बताया। आत्मसमर्पण करने वालों में 7 महिला माओवादी भी शामिल हैं, जो यह दर्शाता है कि हिंसा का रास्ता छोड़ने का संदेश अब समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सकारात्मक बदलाव माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्पष्ट संकल्प का परिणाम है। केंद्र और राज्य सरकार की संतुलित सुरक्षा रणनीति, सख्त कार्रवाई के साथ-साथ संवेदनशील पुनर्वास नीति, आज ज़मीन पर असर दिखा रही है। छत्तीसगढ़ में लागू पूना मार्गेम ङ्क पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान उन लोगों के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है, जो कभी वामपंथी उग्रवाद के भ्रमजाल में फंस गए थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर अंचल में लगातार नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना, सुदूर और दुर्गम इलाकों तक शासन की पहुंच, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी ढांचे के विकास ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है।

आज बस्तर में डर और बंदूक की आवाज़ नहीं, बल्कि भरोसे और भविष्य की उम्मीद की आवाज़ सुनाई दे रही है। ग्रामीणों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि सरकार उनकी सुरक्षा और विकास दोनों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने लाल आतंक में भटके माओवादियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनके लिए दरवाज़े बंद नहीं हैं। उन्होंने कहा, हिंसा का रास्ता छोड़िए, सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य की राह चुनिए। सरकार आपके साथ है और समाज आपको अपनाने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास की यह प्रक्रिया आने वाले समय में और तेज़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर शांति की ओर निरंतर बढ़ रहा है और हर आत्मसमर्पण के साथ नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प और अधिक मजबूत हो रहा है। यह बदलाव केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई से नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और संवाद से संभव हुआ है।आज बस्तर में डर और बंदूक की आवाज़ नहीं, बल्कि भरोसे और भविष्य की उम्मीद की आवाज़ सुनाई दे रही है। ग्रामीणों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि सरकार उनकी सुरक्षा और विकास दोनों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने लाल आतंक में भटके माओवादियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनके लिए दरवाज़े बंद नहीं हैं। उन्होंने कहा, हिंसा का रास्ता छोड़िए, सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य की राह चुनिए। सरकार आपके साथ है और समाज आपको अपनाने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास की यह प्रक्रिया आने वाले समय में और तेज़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर शांति की ओर निरंतर बढ़ रहा है और हर आत्मसमर्पण के साथ नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प और अधिक मजबूत हो रहा है। यह बदलाव केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई से नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और संवाद से संभव हुआ है।आज बस्तर में डर और बंदूक की आवाज़ नहीं, बल्कि भरोसे और भविष्य की उम्मीद की आवाज़ सुनाई दे रही है। ग्रामीणों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि सरकार उनकी सुरक्षा और विकास दोनों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने लाल आतंक में भटके माओवादियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनके लिए दरवाज़े बंद नहीं हैं। उन्होंने कहा, हिंसा का रास्ता छोड़िए, सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य की राह चुनिए। सरकार आपके साथ है और समाज आपको अपनाने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास की यह प्रक्रिया आने वाले समय में और तेज़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर शांति की ओर निरंतर बढ़ रहा है और हर आत्मसमर्पण के साथ नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प और अधिक केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई से नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और संवाद से संभव हुआ है।आज बस्तर में डर और बंदूक की आवाज़ नहीं, बल्कि भरोसे और भविष्य की उम्मीद की आवाज़ सुनाई दे रही है।

## पेयजल आपूर्ति, नागरिकों द्वारा नए कनेक्शन का उपयोग नहीं किया जा रहा है

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पेयजल आपूर्ति में प्रेशर सम्बन्धी समस्याओं से समय पर निराकरण के लिए 40 स्थानों पर प्रेशर ट्रांसमीटर स्थापित राजधानी शहर रायपुर के ब्राम्हणपारा क्षेत्र में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत प्राप्त हुई है। स्थल निरीक्षण में पाया गया है कि उक्त क्षेत्र में स्मार्ट सिटी की पाईप लाईन के अतिरिक्त बैरन बाजार टंकी से पुरानी पाईप लाईन में भी पेयजल आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण नागरिकों द्वारा नए कनेक्शन का उपयोग नहीं किया जा रहा है एवं कई नागरिकों ने अभी तक नए कनेक्शन नहीं लिए हैँ। नए कनेक्शन लेने हेतु पूर्व में भी विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूचना प्रकाशन किया गया है तथापि जिन नागरिकों द्वारा अभी तक कनेक्शन नहीं लिए है, उन्हे निरन्तरता में नए नल कनेक्शन दिए जा रहे हैँ। स्मार्ट सिटी पाईप लाईन से 5 एल.पी.एम. की दर से पेयजल आपूर्ति की जा रही है तथा जिन हितग्राहियों द्वारा प्रेशर कम होने की शिकायत प्राप्त हो रही है उनका निराकरण समय पर किया जा रहा है। प्रेशर संबंधी समस्याओं का निराकरण समय पर किए जाने हेतु 40 स्थानों पर प्रेशर ट्रांसमीटर भी स्थापित किये गये हैँ।

## हीरापुर में व्यवसायिक गोडाउन में किये गये अतिरिक्त अवैध निर्माण को तोड़ने कार्यवाही की

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता अतुल चोपडा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, उपअभियंता अबरार खान, लोचन प्रसाद चौहान की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र जारी कर अभियान पूर्वक गैस कटर और श्रमिको की सहायता से अतिरिक्त अवैध निर्माण तोडकर हटाने की कार्यवाही स्थल पर की गई।

## 2 फल ठेलो को सड़क से जप्त कर यातायात सुगम बनाया, जनशिकायत का त्वरित निदान



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नगर निगम जोन 4 ने शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग में कब्जा कर व्यवसाय कर रहे 8 नारियल ठेलो आज रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 4 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम ने जनशिकायत सही मिलने एवं शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग में सड़क पर कब्जा करने से यातायात बाधित होने पर जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिको को सुगम यातायात देने अभियान चलाकर सडक पर कब्जा जमाकर व्यवसायरत 8 नागरिक ठेलो और 2 फल ठेलो को व्यवस्था सुधारने कडाई के साथ स्थल से जप्त करने की कार्यवाही की और नागरिको को मुख्य मार्ग में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाते हुए प्राप्त जनशिकायतो का जोन स्तर पर त्वरित निदान किया ।

### राजस्व के कार्यों में पारदर्शिता लाने सरकार तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रही है

# जीरो टॉलरेंस नीति का असर धरातल पर परिलक्षित हो - प्रभारी मंत्री जायसवाल

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बलौदाबाजार। स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता उपस्थित थे।



प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने प्रतिबद्ध है इसके लिये जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। सभी अधिकारी इस नीति को धरातल पर उतारने अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि योजनाओं के क्रियान्वयन या लोगों की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीएमएचओ स्कूल व अस्पतालों का नियमित दौरा कर निरीक्षण करें और कमियों को दुरुस्त करें। शासन स्तर पर कोई मांग हो तो तत्काल प्रस्ताव भेजें, मंजूरी देने में कोई विलम्ब नहीं होगा। उन्होंने ग्राम पंचायतों में विकास कार्य निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसीतरह नगरीय निकायों में सडक, पानी, बिजली, नाली, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने नई योजना वी बी-ज़ी राम ज़ी के बारे में जानकारी दी की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिये यह योजना मिल का पत्थर साबित होगा। इस योजना के तहत अब ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को 125 दिन रोजगार मिलेगा और भुगतान सप्ताह भर में हो जाएगा। योजना के तहत अधोसंरचना सम्बन्धी कार्य भी ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकेंगे, तकनीक का भी उपयोग होगा ताकी कम समय पर पारदर्शी कार्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव में तेजी लाने तथा खरीदी लिमिट बढ़ाने तथा छूटे हुए किसानों का रकबा संशोधन करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि सभी वास्तविक किसानों का एक- एक दाना धान खरीदी की जाएगी।उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुय्र प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किश्त जारी होने के बाद भी निर्माण प्रारम्भ नहीं होने पर नारजगी जहिर करते हुए जनपद सीईओ को आगामी एक माह में निर्माण प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत टीबी मरीजों एवं सिकल सेल मरीजों का शत प्रतिशत स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिये। शासकीय अस्पताल से अनावश्यक रूप से मरीजों को निजी अस्पतालों में रिफर न करने के भी निर्देश दिये।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राजस्व के कार्यों में पारदर्शिता लाने सरकार तकनिक के उपयोग को बढ़ावा डे रही है।

# धमतरी को 'फूड बास्केट ऑफ एशिया' के रूप में विकसित करने की दिशा में निर्यात पर जोर

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**
जिले को 'फूड बास्केट ऑफ एशिया' के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल करते हुए जिला उद्योग केंद्र धमतरी द्वारा PEDA, रायपुर के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य से अनाज, ताजे फल-सब्जियाँ तथा लघु वनोपज (MFP) के निर्यात अवसरों पर एक दिवसीय संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन आज जिंजर लीफ रेस्टोरेंट, धमतरी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र लोकपाल खांडेकर, लीड बैंक मैनेजर आई.के. तिलवानी, उसना राइस एसोसिएशन के चेयरमैन नवीन सांखला, अरवा राइस एसोसिएशन के चेयरमैन राजेश गोलछा सहित जिले के



लगभग 63 उद्यमी, एफपीओ, महिला एफपीओ एवं विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता APED क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के एसोसिएट अशोक कुमार बोरा ने जिले के निर्यात-उन्मुख खाद्य एवं कृषि आधारित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता मानक, APED पंजीयन, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु उपलब्ध सब्सिडी एवं इंसेंटिव योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में कृषि, वनोपज एवं खाद्य प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने जिले को 'फूड बास्केट ऑफ एशिया' के रूप में पहचान दिलाने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया और उद्यमियों, एफपीओ तथा महिला समूहों को निर्यात की दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र प्रशांत चंद्राकर ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संस्था एवं कोर्स परिवर्तन हेतु अंतिम तिथि 9 जनवरी

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**
शासकीय, अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, लेकिन ऑनलाईन पोर्टल में संस्था एवं कोर्स परिवर्तन करने की आवश्यकता है, इसके लिए 9 जनवरी अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने विद्यार्थियों को संस्था एवं कोर्स वनकारी अपने अध्ययनरत संस्था में तत्काल जमा करने कहा है।

# नियमों की अनदेखी पर जिले में कॉमन सर्विस सेंटरों पर बड़ी कार्रवाई

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
जिले में कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) के संचालन में बरती जा रही लापरवाही और नियमों की अनदेखी यथा निर्धारित मानकों और सही लोकेशन पर केंद्र संचालित नहीं करने के चलते जिले भर में एक साथ 173 सीएससी आईडी को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इस सख्त कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्पष्ट संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी मापदंडों का उल्लंघन पाए




जाने पर इसी तरह की अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रहेगी और कुछ और आईडी भी निरस्त की जा सकती हैं। जांच में यह बात सामने आई कि जिले के कई सीएससी केंद्र तय किए गए नियमों पर खरे नहीं उतर रहे थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई सीएससी आईडी बिना किसी स्थायी केंद्र या दुकान के संचालित की जा रही थी, जो कि नियमों के विरुद्ध है। इसके अलावा कई स्थानों पर उचित कॉमन ब्रांडिंग का अभाव था और न ही वहां सेवाओं का रेट चार्ट प्रदर्शित किया गया था। केवल कागजों पर या अस्थायी तौर पर चल रहे इन केंद्रों की वजह से आम लोगों को सही सेवाएं नहीं मिल पा रही थीं। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए ही 173 आईडी को निरस्त करने का कड़ा फैसला लिया गया है। सीएससी के सुचारू संचालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अब कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका पालन करना प्रत्येक वीएलई के लिए अनिवार्य है। नए निर्देशों के अनुसार सीएससी केंद्र का एक स्थायी पते पर संचालित होना सबसे पहली शर्त है। इसके साथ ही, केंद्र पर निर्धारित कॉमन ब्रांडिंग का होना आवश्यक है, जिसमें बैनर को केवल चिपकाने या लटकाने के बजाय सही तरीके से फ्रेम करके लगाना होगा। ब्रांडिंग में स्टेट लोगो और सीएससी आईडी साफ-साफ अंकित होनी चाहिए और इसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं होगी। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्र पर रेट चार्ट लगाना और सभी वीएलई का पुलिस वेरिफिकेशन होना भी अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी प्रकार के डिजिटल लेन-देन केवल आवंटित सीएससी आईडी के माध्यम से ही किए जाएं।

# उठाव नहीं तो 9 से धान खरीदी बंद..!

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**
जिले के उपार्जन केंद्रों से धान का समय पर उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी व्यवस्था पर संकट खड़ा हो गया है। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संघ की माने तो यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो 9 जनवरी से जिले में धान खरीदी बंद करनी पड़ेगी। पत्र में बताया गया है कि जिले के 30 उपार्जन केंद्रों में 5 जनवरी 2026 तक 48,842 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जबकि इसमें से मात्र 1,084 मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो सका है, जो कुल खरीदी का लगभग 2.22 प्रतिशत है।



अधिकांश उपार्जन केंद्रों में धान का भंडारण निर्धारित सीमा से अधिक हो चुका है, जिससे आगे खरीदी करना संभव नहीं रह गया है। संघ का कहना है कि न तो पर्याप्त जगह उपलब्ध है और न ही स्टैक बनाने अथवा अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था की गई है।

ऐसे में पहले से संग्रहित धान को जल्द उठवाया जाना आवश्यक है। यदि समय पर धान का उठाव नहीं हुआ तो खरीदी पूरी तरह प्रभावित होगी। संघ ने मांग की है कि जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित कर संग्रहित धान का तत्काल उठाव कराया जाए।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह बाइक हेलमेट रैली निकली

### यातायात नियमों के पालन करने जन-जागरूकता का संदेश



**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव से किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया गया, जहां उप पुलिस अधीक्षक स्निग्धा सलामे ने बाइक हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, उप पुलिस अधीक्षक केपी मरकाम सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाइक हेलमेट रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर रायपुर नाका, जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बांधा तालाब, मर्दापाल चौक होते हुए पुलिस लाइन चिखलपुटी में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत जिलेभर में पूरे माह विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूल एवं कॉलेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम, चौक-चौराहों पर जनसंवाद व हेलमेट रैली, रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, लर्निंग लाइसेंस शिविर, वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। पुलिस विभाग का उद्देश्य इन आयोजनों के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग, जिम्मेदार और सुरक्षित बनाना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

# ग्राम पंचायतों में उत्सव की तरह मनाया गया आवास और रोजगार दिवस



**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
एक स्कैन से ग्रामीणों को मिली विकास कार्यों की जानकारी जिले की ग्राम पंचायतों में बुधवार को शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक अनूठी पहल देखने को मिली। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नए प्रावधानों से अवगत कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने के उद्देश्य से जिले भर में आवास दिवस और रोजगार दिवस का आयोजन एक महोत्सव के रूप में किया गया।

आयोजन का मुख्य आकर्षण तकनीक और पारदर्शिता का मेल रहा। ग्रामीणों को वीबी जी राम जी योजना के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से मनरेगा के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया कि कैसे वे अपने मोबाइल से एक स्कैन कर पंचायत में चल रहे कार्यों, व्यय और प्रगति की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह कदम डिजिटल साक्षरता और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

# कार-स्कूटी की टक्कर, युवक गंभीर

### बेड़ागुड़ा गुण्डाधुर चौक पर हो रहे हादसे, पंचायत बनाएगी ब्रेकर

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
तोकापाल बाजार जाने वाले मार्ग पर स्थित बेड़ागुड़ा गुण्डाधुर चौक एक बार फिर सड़क हादसे का गवाह बना। मंगलवार को इस चौक पर तेज रफ्तार कार और स्कूटी के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें स्कूटी सवार युवक का पैर टूट गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार युवक मोहन कश्यप पलवा का निवासी बताया जा रहा है, जो स्कूटी



क्रमांक सीजी 17 केवाय 0741 से जा रहा था। इसी दौरान दंतेवाड़ा से डिमरापाल की ओर तेज गति से आ रही कार सीजी 04 एमएन 2161 ने बेड़ागुड़ा गुण्डाधुर चौक के पास स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बेड़ागुड़ा के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल 112 की मदद से घायल युवक को अस्पताल भिजवाया गया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और यातायात सुचारू कराया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह चौक लंबे समय से दुर्घटना चौक बन चुका है। तोकापाल की ओर से 10-15 गांवों के लोगों का आवागमन इसी चौक से होता है। साथ ही यह मार्ग एनएच-63 से जुड़ा होने के कारण ट्रक, बस, टिप्पर और भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि पहले इस स्थान पर ब्रेकर बने होने से दुर्घटनाएं कम होती थीं, लेकिन हाईवे बनने के बाद ब्रेकर हटने से तेज रफ्तार वाहन बेलगाम हो गए हैं।

**ब्रेकर निर्माण का निर्णय**

बेड़ागुड़ा के उपसरपंच ने बताया कि इस चौक को लेकर पंचायत में चर्चा हो चुकी है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बेड़ागुड़ा पंचायत की ओर ब्रेकर निर्माण का निर्णय लिया गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

**स्कूल के पास होने से बढ़ी चिंता**

इस चौक के समीप स्कूल स्थित है, जहां सुबह करीब 10 बजे और शाम 4 बजे के आसपास बच्चों और अभिभावकों की भारी भीड़ रहती है।



# मसोरा में स्टॉपडेम सह पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

### 260.24 लाख की परियोजना को मिली गति

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
जल संसाधन विभाग (संभाग कोण्डागांव) द्वारा जिले के विकासखंड कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम मसोरा के लाड़ीपारा में प्रस्तावित स्टॉपडेम सह पुलिया निर्माण कार्य का सोमवर को भूमिपूजन किया गया।

निर्माण कार्य का भूमिपूजन बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जिला पंचायत सदस्य नन्द कुमार राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की कुल लागत 260.24 लाख है। स्टॉपडेम सह पुलिया के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, सिंचाई सुविधा सुदृढ़ होगी तथा आवागमन में भी सुगमता आएगी।

# पुनर्वासितों ने देखा बस्तर का सांस्कृतिक-ऐतिहासिक वैभव

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
हिंसा का अंधेरा छोड़कर शांति और विकास की 'नुवा बाट' (नई राह) चुनने वाले पुर्नवासितों के लिए मंगलवार का दिन नई उमंग और सकारात्मक अनुभवों से भरा रहा। जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल के तहत जगदलपुर स्थित पुनर्वास केंद्र में निवासरत पुर्नवासितों को बस्तर के प्रमुख दर्शनीय, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस विशेष भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यटन नहीं, बल्कि मुख्यधारा में लौटे इन सदस्यों को भयमुक्त वातावरण का अनुभव कराना, क्षेत्र के विकास कार्यों से जोड़ना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से पुनः परिचित कराना रहा। भ्रमण की शुरुआत बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन से हुई। मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी ने अपने उज्ज्वल और शांतिपूर्ण भविष्य की कामना की। इसके पश्चात दलपत सागर और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के केंद्र 'दशहरा पसरा' का अवलोकन कराया गया, जहाँ उन्हें बस्तर की गौरवशाली परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सदस्यों ने कलेक्टोरेट का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था और शासन की कार्यप्रणाली को



नजदीक से देखा। दिन का सबसे रोमांचक पड़ाव विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात रहा। प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य, गिरते झरनों की गर्जना और खुले वातावरण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'नुवा बाट' के तहत आयोजित यह भ्रमण कार्यक्रम एक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पुनर्वास का भी महत्वपूर्ण प्रयास रहा। इससे पुर्नवासितों के मन में यह विश्वास और मजबूत हुआ कि हिंसा छोड़कर समाज के साथ कदमताल करने में ही जीवन की वास्तविक खुशी और उन्नति निहित है।

# जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल में प्रधान अध्यापक ने दिया न्यौता भोज

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
शासकीय जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल में प्रधान



अध्यापक द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर न्यौता भोज का आयोजन किया गया। यह विद्यालय संकुल क्षेत्र सोनाबाल, विकासखंड कोंडागांव, तहसील मर्दापाल, जिला कोंडागांव अंतर्गत स्थित है। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को पूड़ी, मटर-पनीर मसाला, चावल एवं मिश्रित दाल परोसी गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक जगतराम शोरी, शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाबाल के प्रधान अध्यापक पुरुषोत्तम दीक्षित, शिक्षकगण हेमदेतेश्वर पटेल, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, शिक्षिकाएं श्वेता साहू एवं पूनम ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल के प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास सहित भृत्य एवं स्वीपरगण उपस्थित रहे। दोनों विद्यालयों के कुल 85 विद्यार्थियों ने न्यौता भोज में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक द्वारा विद्यालय को ज्यामितीय आकृतियों से संबंधित स्वनिर्मित सहायक शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों

# मोर गांव-मोर पानी बस्तर में खुशहाली की नई इबारत लिख रहीं आजीविका डबरियां

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
डबरी हरे गांव के सिंगार आथे समृद्धि मिलथे रोजगार यह महज एक नारा नहीं, बल्कि बस्तर के सुदूर वनांचलों में बदलती तस्वीर का गवाह है। जिला प्रशासन के महत्वाकांक्षी मोर गांव-मोर पानी महाभियान ने मनरेगा के तहत आजीविका डबरियों के निर्माण से ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली के नए रंग भरने शुरू कर दिए हैं। इस अभियान का मुख्य ध्येय जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत को जल संचय के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ चालू वित्तीय वर्ष में कुल 436 डबरियों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 255 डबरियों को स्वीकृति भी मिल चुकी है। जहां कभी पानी की कमी से खेत सूख जाते थे और किसानों के चेहरे मुरझा जाते थे, वहां अब जल संरक्षण की यह पहल उम्मीद की नई किरण लेकर आई है। इन डबरियों से न केवल भू-जल स्तर सुधरेगा, बल्कि खेतों में हरियाली



लौटने के साथ ही किसानों के घरों में समृद्धि भी आएगी।

इन डबरियों की खासियत इनका वैज्ञानिक और तकनीकी मानकों पर आधारित निर्माण है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुसार, प्रत्येक डबरी 20 मीटर लंबी, 20 मीटर चैड़ी और 3 मीटर गहरी बनाई जा रही है। निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सही जगह के चुनाव के लिए जीआईएस और कार्ट एप जैसी आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है, ताकि बारिश की एक-एक बूंद को सहेजा जा सके। पानी के सुचारू प्रवाह और गाद को रोकने के लिए इनमें इनलेट-आउटलेट सिस्टम और सिल्ट अरेस्टिंग चेंबर भी तैयार किए जा रहे हैं, जो इसे पारंपरिक तालाबों से अलग और अधिक उपयोगी बनाते हैं। यह योजना केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का एक सशक्त माध्यम भी बन गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से ग्रामीणों को इन डबरियों से जुड़ी बहुउद्देशीय आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। विभाग के मैदानी अमला सहित स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर डबरी निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेजों व प्रक्रियाओं में उनकी मदद कर रहे हैं। किसानों को मत्स्यपालन, बतखपालन और डबरियों के मेड़ों पर उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# एनएसएस का सात दिनी विशेष शिविर

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किलेपाल बास्तानार द्वारा आयोजित सात




दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर की थीम नशा मुक्त भारत रखी गई थी, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने सात दिनों तक निरंतर सामाजिक जागरूकता एवं सेवा कार्य किए। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, साक्षरता, स्वच्छता एवं पानी बचाओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके साथ ही ग्राम का सर्वे कर ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं पैन कार्ड से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

श्रमदान गतिविधियों में स्वयंसेवकों ने हैंडपंपों के आसपास नालियों की साफ-सफाई, सोखता गड्ढों का निर्माण, सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई, गलियों की कच्ची सड़कों के गड्ढों में मिट्टी भरने जैसे कार्य किए। इसके ईंटें बनाने में सहयोग कर कौशल विकास को भी बढ़ावा दिया गया। पानी संरक्षण का संदेश देने के लिए नालों में छोटे-छोटे डेम बनाकर जल संरक्षण का व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

## सूर्यकुमार आउट होने का डर छोड़कर रन बनाने पर ध्यान दें : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने अगले माह शुरु होने वाले टी20 विश्वकप को लेकर भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को जरुरी सलाह दी है। पोटिंग ने कहा कि सूर्यकुमार आउट होने का डर छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलें। सूर्या पिछले काफी समय से खराब फार्म से परेशान रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम जीतती रही है पर वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं जिससे वह दबाव में हैं। इसी को देखते हुए पोंटिंग ने कहा कि वह विकेट का डर छोड़कर खेलें। रन अपने आप आयेंगे। सूर्यकुमार दो साल पहले तक टी20 में नंबर एक स्थान पर थे पर पिछले कुछ समय में उनकी रैंकिंग भी नीचे आयी है। पिछले साल वह 21 मैचों में केवल 218 रन ही बना पाये हैं। उनका औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 का रहा है। जिसको देखते हुए फरवरी में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले टीम प्रबंघन की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। पोंटिंग ने कहा कि सूर्यकुमार का पिछले कुछ समय से लय में नहीं होना परेशान करने वाली बात है। वह लंबे समय से भारतीय टीम के टी20 में महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, 'सूर्यकुमार छह, आठ या दस गेंद खेलने के बाद ही अपना सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी करते हैं। वह अपने पर भरोसा रखते हैं और अपने शॉट्स खेलने पर ध्यान देते हैं।' पोंटिंग ने कहा कि वह सूर्यकुमार को यही सलाह देंगे, 'रन बनाने पर ध्यान दो, आउट होने के बारे में मत सोचो। अपने पर भरोसा रखो, टी20 में तुम किसी से कम नहीं हो. एक बार फिर सबको यह साबित कर दो।'वहीं पोंटिंग ने शुभमन गिल को टीम से बाहर किए जाने पर भी हैरानी जताई और साथ ही कहा कि उनके जैसे बल्लेबाज को बाहर बिठाना ये दिखाता है कि भारतीय टीम के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है।

## भारत दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं ग्लेन फिलिप्स

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का कहना है कि उनका लक्ष्य भारत दौरे के साथ ही टी20 विश्वकप में भी बेहतर प्रदर्शन करना है। फिलिप्स आजकल सुपर स्मैश टी20 लीग में खेल रहे हैं। इसमें वह बाएं हाथ से खेलते हुए दिखे। इस क्रिकेटर का कहना है कि वह बांए हाथ से खेलने के विकल्प का प्रयोगा बांए हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ कर सकते हैं। उनका कहना है कि भारतीय टीम के पास अक्षर पटेल जैसे लेफ्ट-आर्म स्पिनर हैं, जिनके खिलाफ बाएं हाथ से बल्लेबाजी करना फायदेमंद रहेगा। फिलिप्स ने हालांकि कहा कि बांए हाथ से बल्लेबाजी का प्रयोग व पूरी तरह विचार करने के बाद ही करेंगे। इस बल्लेबाज ने कहा इसका प्रयोग मैं तब करूंगा, जब खोने के लिए कुछ न हो। आखिरी ओवरों में, जब जोखिम लेने के अलावा कोई विकल्प न हो। फिलिप्स के निशाने पर कई बड़े रिकॉर्ड भी हैं। उन्होंने अपने पिछले टी20 मुकाबले में ओटागो की ओर से नाबाद 90 रन बनाए। अब उन्हें टी 20 में 2000 रन पूरे करने के लिए केवल 71 रनों की और जरूरत है। ऐसा करते ही वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। अब तक मार्टिन गप्टिल, केन विलियमसन और ब्रेंडन मैकुलम ही 2000 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हैं। ओटागो की ओर से खेलते हुए उन्होंने लेफ्ट-आर्म स्पिनर जेडन लेनॉक्स के खिलाफ न सिर्फ छक्का जड़ा, बल्कि शानदार कवर ड्राइव भी खेला। यह प्रयोग किसी एक गेंद तक सीमित नहीं था, बल्कि पूरी रणनीति का हिस्सा था।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन की इनामी राशि बढ़ी

**मेलबर्न ।** 18 जनवरी से शुरु होने वाले साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले आयोजकों ने इसकी इनामी राशि बढ़ा दी है। इसकी पुरस्कार राशि 16 फीसदी बढ़ाई गई है। ऐसे में अब कुल इनामी राशि बढ़कर 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (तकरीबन 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) पहुंच गई है। यह अब तक की इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। अब पुरुष और महिला एकल वर्ग में जीतने वालों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 2.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) पुरस्कार राशि दी जाएगी। ये पिछले साल 2025 की तुलना में 19 फीसदी ज्यादा है। वहीं क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी 16 फीसदी अधिक राशि मिलेगी। आयोजकों के अनुसार मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले सभी एकल और युगल खिलाड़ियों को कम से कम 10 फीसदी अधिक राशि मिलेगी। इस कदम से सभी प्रतियोगियों को लाभ मिलने के साथ ही टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए आयोजकों ने सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरुरी इंतजाम किये हैं। आयोजकों का माना है कि पुरस्कार राशि बढ़ने से इस टूर्नामेंट का रोमांच और बढ़ेगा।

## इंग्लैंड को झटका, कप्तान स्टोक्स चोटिल हुए

**सिडनी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी पांचवे टेस्ट मैच के चौथे दिन चोटिल हो गये। स्टोक्स को इसके बाद मैदान से बाहर जाना पड़ जिससे इंग्लैंड टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। खेल शुरू होते ही स्टोक्स अपने दूसरे ओवर में की चौथी गेंद फेंकने के बाद ही दर्द से परेशान दिखे। इसी कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद ओवर की बची हुई गेंदें जैकब बेथेल ने फेंकी। स्टोक्स के बाहर जाने पर हैरी ब्रूक ने कप्तानी संभाली। वहीं इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि स्टोक्स को दाहिनी मांसपेशी में दर्द उठा था जिसकी जांच करायी जा रही है। अब उनका इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना कठिन नजर आ रहा है। गौरतलब है कि स्टोक्स पहले भी चोटिल रहे हैं।

## नेपाल ने टी20 विश्वकप के लिए घोषित की टीम

**काठमांडू ।** नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह भारत में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी ऑलराउंडर रोहित पौडेल को दी गयी है। वहीं दीपेंद्र सिंह ऐरी को उपकप्तान बनाया गया है। ऑलराउंडर पौडेल ने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दीपेंद्र ने उनका अच्छा साथ दिया है। दीपेंद्र टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 9 गेंदों में अपना अर्धशतक लगाया था। वहीं, अनभवी संदीप लामिछाने को भी टीम में जगह मिली है।

# बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे वर्ल्ड कप मुकाबले

## आईसीसी ने वेन्यू बदलने की मांग खारिज की, नहीं खेले तो पॉइंट्स कटेंगे




**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग को खारिज कर दी है। आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से इनकार कर दिया था और आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की अपील की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और कुछ अन्य अधिकारी मुंबई में मौजूद थे। उन्होंने पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा की और उसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत की। आईसीसी ने साफतौर पर कहा कि वेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और बांग्लादेश को भारत में ही वर्ल्ड कप के मैच खेलने होंगे, नहीं तो उसे अंक गंवाने होंगे।

**क्या है पूरा विवाद :** 16 दिसंबर को आईपीएल मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण भारत में मुस्तफिजुर का विरोध होने लगा। अब तक वहां 6 हिंदुओं की हत्या कर दी गई है। बाद में बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की अनुमति नहीं दी और 3 जनवरी को केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया।

**बांग्लादेश ने आईपीएल प्रसारण पर बैन लगाया :** केकेआर से मुस्तफिजुर को रिलीज किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और वहां की सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर बैन लगा दिया। साथ ही भारत में वर्ल्ड कप मैच खेलने से भी इनकार कर दिया और आईसीसी को वेन्यू बदलने के लिए ई-मेल भेजा।

**बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड - आईसीसी के साथ मिलकर समाधान निकालने के लिए प्रयासरत है :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की भागीदारी से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करने को तैयार है। आईसीसी ने दोहराया है कि वह टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ग्रुप-सी में है बांग्लादेश

टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड से भिड़ने वाली हैं। तीनों मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। वहीं टीम का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल से होना है।

### पाकिस्तान भी भारत में नहीं

खेलेगा टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पहले से अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करा चुका है। भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक विवादों के कारण दोनों ही टीमें एक-दूसरे के देश में क्रिकेट नहीं खेलतीं। भारत ने पिछले साल चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में नहीं खेले थे। अब पाकिस्तान भी भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच नहीं खेलेगा।

# न्यूजीलैंड की टी-20 वर्ल्ड कप टीम का ऐलान

## मिचेल सैंटनर कप्तान, जैकब डफी टीम में इकलौता नया चेहरा



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर को सौंपी गई है। यह उनका नौवां सीनियर इुष्टष्ट वर्ल्ड कप होगा। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी टूर्नामेंट के दौरान कुछ मैचों से बाहर रह सकते हैं। वह टूर्नामेंट के दौरान पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं।

**जैकब डफी टीम में नया नाम :** 31 साल के तेज गेंदबाज जैकब डफी इस टीम में एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। डफी ने हालिया इंटरनेशनल सीजन में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 81 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में रिचर्ड हेडली का पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। डफी इस समय इुष्टष्ट टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं।

**फिन एलन और मार्क चैपमैन की वापसी :** टीम में फिन एलन और मार्क चैपमैन की वापसी हुई है। दोनों खिलाड़ी चोट के कारण टीम से बाहर थे, लेकिन अब पूरी तरह फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध हैं।

**टीम में स्पिन और बैटिंग का संतुलन :** कप्तान सैंटनर के अलावा टीम में ईश सोढ़ी, माइकल ब्रैसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे स्पिन विकल्प शामिल हैं। ईश सोढ़ी न्यूजीलैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।बल्लेबाजी विभाग में डेवोन कॉनवे, डेरिल मिचेल, टिम सीफर्ट, फिन एलन और मार्क चैपमैन को जगह दी गई है।

### सीफर्ट विकेटकीपर की भूमिका में

टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। फिलहाल वे ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रहे हैं, जहां उन्होंने हाल ही में 56 गेंदों में 102 रन की शतकीय पारी खेली थी।

## टी20 विश्वकप में भारतीय हालातों के अनुभवों का लाभ मिलेगा : डीकॉक



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक की नजरें अब अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट पर लगी हैं। डीकॉक ने कहा है कि उन्हें भारतीय हालातों में खेलने का लंबा अनुभव है जिसका लाभ उन्हें मिलेगा। उन्होंने कहा मैंने कई बार भारत का दौरा किया है, ऐसे में अगर मुझे सफलता नहीं मिली तो इसमें कोई गलती होगी। संन्यास से वापसी करने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि वह बिना किसी मानसिक दबाव के उतरते हैं जिसका लाभ उन्हें मिलता रहा है। डीकॉक ने टेस्ट और एकदिवसीय से संन्यास लेने के बाद अक्टूबर 2025 में नामीबिया के खिलाफ टी20 मैच से वापसी की थी। वह 2024 में टी20 विश्व कप के फाइनल के बाद से इस प्रारूप से बाहर रहे हैं जिससे उनके करियर पर सवाल उठते रहे हैं। डीकॉक ने यहां एसए20 मैच के बाद कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी किसी तरह के दबाव के साथ क्रिकेट खेली है। मेरी मानसिकता हमेशा जीतने की रही है। अगर मैं मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार होकर मैदान में उतरता हूं, तो मैं संतुष्ट रहता हूं, फिर चाहे मुझे सफलता मिले या नहीं।

## भारतीय टीम को भविष्य में हराना काफी कठिन रहेगा : गार्डनर

**मुंबई।** 9 जनवरी से शुरु हो रही महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के लिए भारत आयी ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर एशले गार्डनर के अनुसार जिस प्रकार से हाल में भारतीय टीम ने खेला है उससे वह पहले से काफी बेहतर हो गयी है। एकदिवसीय विश्वकप में टीम की जीत से भी ये साबित हुआ है। ऐसे में आने वाले समय में एकदिवसीय क्रिकेट में उसे हराना काफी कठिन रहेगा। गार्डनर ने कहा कि भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन भी लगाकर अच्छा होता जा रहा है। गार्डनर प्रीमियर लीग के लिए गुजरात टाइटंस टीम में शामिल हैं। इस खिलाड़ी के अनुसार भारतीय टीम अगले पांच से दस साल में उन टीमों में से एक होगी जिसे हराना बेहद कठिन होगा। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर होने के कारण में इससे दबाव में हूं पर जिस प्रकार से यहां महिला लीग शुरु होने के बाद खेल का तेजी से विकास हुआ है वह सुखद है।

गार्डनर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया टीम अभी भी महिला क्रिकेट में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है पर ये स्थान वह अधिक समय तक बरकरार नहीं रख पायेगी। उन्होंने कहा, 'मैं विश्व कप के बाद से मीडिया से कह रही हूं कि हमारी टीम अभी भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। विश्व कप भारी दबाव वाले पलों में आपकी जीत को तय करते हैं।

## लक्ष्य सेन मलेशिया ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचे, सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को हराया, आयुष शेट्टी भी जीते



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने नए सीजन की बेहतरीन शुरुआत करते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के मेन्स सिंगल्स के दूसरे दौर में जगह बना ली है। लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को हराया। 70 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य सेन ने वर्ल्ड रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-16, 15-21, 21-14 से मात दी। 24 साल के लक्ष्य सेन ने पिछले सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था और हॉन्ग कॉन्ग ओपन में फाइनल तक का सफर तय किया था। 2021 वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लक्ष्य इस समय वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें स्थान पर हैं। अब दूसरे दौर में उनका सामना हॉन्ग कॉन्ग के ली च्युक यिउ से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव को हराया है।

**आयुष शेट्टी की शानदार जीत :** मेन्स सिंगल्स के एक अन्य मुकाबले में भारत के आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के ली जी जिया को सीधे गेमों में 21-12, 21-17 से हरा दिया। अब दूसरे दौर में आयुष के सामने बड़ी चुनौती होगी, जहां उनका सामना चीन के वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी शी यू छी से होगा।

**विमेंस सिंगल्स में मालविका बंसोड़ बाहर :** विमेंस सिंगल्स में भारत की मालविका बंसोड़ की वापसी जीत के साथ नहीं हो सकी।

बाएं घुटने की चोट के कारण करीब छह महीने बाद वापसी कर रहीं मालविका को पहले दौर में थाईलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त राचानोक इंतानोन के खिलाफ 11-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# ऋषभ और अय्यर विजय हजार ट्रॉफी के अंतिम लीग मैच में भी खेलेंगे

## न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए देर से टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली।** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 08 जनवरी को होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के मैचों में भाग लेंगे। इस कारण ये दोनो ही न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए देर से जुड़ेंगे। ऋषभ गुरुवार 8 जनवरी को हरियाणा से होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के अंतिम लीग मैच में दिल्ली की कप्तानी करेंगे। इस कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए देर से जुड़ेंगे। अलूर में बीती दिवस हुए मैच में दिल्ली ने रेलवे को एलीट ग्रुप डी के मैच में छह विकेट से हराकर पहले ही क्वार्टर फाइनल में अपने जगह पक्की कर ली है। 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए खिलाड़ी मुंगलवार को ही बड़ौदा में टीम से जुड़ गये। वहीं ऋषभ विजय हजारे ट्रॉफी का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद ही टीम से जुड़ेंगे। वहीं विराट कोहली भी दिल्ली की टीम में शामिल थे पर उन्होंने दो मैच ही खेले। वहीं चोटिल होने के कारण पिछले काफी समय से बाहर चल रहे ऋषभ इसलिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं ताकि न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी लय हासिल कर लें। उन्होंने तब तक इस टूर्नामेंट के छह मैच में 42.4 की औसत और 112.76 की स्ट्राइक रेट से 212 रन बनाए हैं। दिल्ली की टीम अभी ग्रुप डी में पांच जीत के साथ 20 अंकों के साथ शीर्ष पर है। दिल्ली ने अब तक छह मैच खेले हैं और उसे केवल एक हार ओडिशा के खिलाफ मिली थी। उनके अलावा बल्लेबाज श्रेयस भी देर से टीम से जुड़ेंगे। इसका है कि वह भी विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने मंगलवार को मुम्बई की कप्तानी करते हुए उसे हिमाचल प्रदेश के खिलाफ जीत दिलायी थी। अब वह आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ होने वाले अपने आखिरी लीग मैच में भी खेलने जा रहे हैं जिससे उनकी फिटनेस की एक और बार जांच हो जाये।

# एशेज में पहली बार एक पारी में सात 50+ साझेदारी

## ऑस्ट्रेलिया 567 रन पर ऑलआउट, चौथे दिन इंग्लैंड 302/8, बेथेल का पहला टेस्ट शतक



**नई दिल्ली।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के चौथे दिन बुधवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 567 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 183 रन की बढ़त हासिल की। इससे पहले इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में 384 रन पर सिमट गई थी। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 302 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 119 रन की हो गई। जैकब बेथेल 142 रन बनाकर नाबाद लौटे। मुकाबले का पांचवां और आखिरी दिन गुरुवार को सुबह 5 बजे शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान सात 50 रन से अधिक की साझेदारियां हुईं, जो एशेज इतिहास में पहली बार देखने को मिला।

**स्मिथ ने 138 रन बनाए :** चौथे दिन का खेलने शुरू होने पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 518/7 था। स्टीव स्मिथ (129) और ब्यू वेबस्टर (42) ने पारी को आगे बढ़ाया। मेजबान टीम स्कोर में 49 रन और जोड़कर पहली पारी में 567 रन पर ऑल आउट हो गई। इससे उसे 183 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने 220 गेंदों में 138 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल रहा। ब्यू वेबस्टर ने 87 गेंदों में 71 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल थे। ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 163 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में सात 50 या उससे अधिक रन की साझेदारियां की, जो कि एशेज के इतिहास में पहली बार हुआ है। इससे पहले यह रिकॉर्ड केवल एक बार 2007 में भारत ने द ओवल टेस्ट में बनाया था।

### बेथेल 142 रन बनाकर नाबाद लौटे

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और जैक क्रॉली पहले ही ओवर में आउट हो गए। इसके बाद बेन डकेट और जैकब बेथेल ने पारी को संभाला और अर्धशतकीय साझेदारी की। डकेट ने इस सीरीज में पहली बार 40 रन का आंकड़ा पार किया, लेकिन बाद में वह आउट हो गए। इसके बाद जो रूट ज्यादा देर टिक नहीं पाए और सिर्फ 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हैरी ब्रूक ने बेथेल के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की। हालांकि ब्रूक 42 रन बनाकर आउट हो गए। लोअर ऑर्डर में विकेट गिरते रहे, लेकिन बेथेल एक छोर पर टिके रहे। बेथेल 142 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## भारतीय क्रिकेटर जेमिमाह रोड्रिगेज ने महिलाओं के हेलमेट ब्रांड में निवेश किया




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिगेज ने अपनी पहली कंपनी में निवेश किया है। दरअसल, वह त्वर्रा नामक ब्रांड के साथ पार्टनर बनी हैं, जो महिलाओं के लिए खास हेलमेट बनाती है। खबरों के मुताबिक, इस भागीदारी में रोड्रिगेज को इक्विटी (शेयर) मिले हैं। ऐसे में खेल के मैदान से हटके विश्व कप विजेता रोड्रिगेज ने बिजनेस के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है।

**त्वर्रा महिलाओं को सुरक्षित चलने में करता है मदद :** त्वर्रा की फाउंडर अल्पना परिदा ने रोड्रिगेज के साथ साझेदारी पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'रोड्रिगेज का अनुशासन, ऊर्जा और लक्ष्य को लेकर स्पष्टता बिल्कुल वैसी ही है जैसे हम सेफ्टी तय करने के बारे में सोचते हैं।' वहीं रोड्रिगेज ने कहा, 'खेल आपको तैयारी, निरंतरता और विश्वास सिखाता है। सेफ्टी से आपकी हिम्मत बढ़ती है। त्वर्रा महिलाओं को सुरक्षित और आत्मविश्वास से चलने में मदद करता है। इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास है।

**खासतौर पर महिलाओं के लिए हेलमेट बनाती है त्वर्रा :** कंपनी के अनुसार, बाजार में आमतौर पर हेलमेट पुरुषों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाते हैं, जिससे महिलाओं को वजन, फिटिंग और आराम में दिक्कतें आती हैं। ऐसे में त्वर्रा हेलमेट खास तौर पर महिलाओं के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिसमें सिर का साइज, वजन और अन्य प्रमुख बातों का ध्यान रखा गया है। कंपनी के मुताबिक, हेलमेट्स के पास भारतीय सड़कों के लिए आईएसआई सर्टिफिकेशन है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को पूरा करते हैं। रोड्रिगेज के लिए विश्व कप 2025 शानदार रहा था। उन्होंने 8 मैचों की 7 पारियों में 58.40 की औसत के साथ 101.03 की स्ट्राइक रेट के साथ 297 रन बनाए थे। उन्होंने 1 शतक और 1 ही अर्धशतक भी लगाया था।

# एक्सिस बैंक ने बढ़ते डिजिटल फ्रॉड से निपटने के लिए ग्राहक-नियंत्रित सुरक्षा सुविधाओं के साथ 'सेफ्टी सेंटर' लॉन्च किया

## एसएमएस शील्ड : उद्योग में पहली बार पेश किया गया यह फीचर बैंक संदेशों के स्रोत की प्रामाणिकता की पुष्टि करती है, ग्राहकों को रियल-टाइम, पूरी तरह उनके नियंत्रण में रहने वाली सुरक्षा सुविधाएँ

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप 'ओपन' पर नया 'सेफ्टी सेंटर' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह सुरक्षा केंद्र ग्राहकों को रियल-टाइम और उनके नियंत्रण में रहने वाली सुरक्षा सुविधाएँ देता है, जिससे वे बिना कस्टमर केयर कॉल किए या शाखा जाए, अपने खातों को अनधिकृत या संदिग्ध गतिविधियों से सुरक्षित रख सकते हैं। सेफ्टी सेंटर डिजिटल बैंकिंग के अहम फंक्शनों पर पूरा नियंत्रण देता है, ताकि ग्राहक अपनी जरूरत और सुविधा के अनुसार सुरक्षा सेटिंग्स तय कर सकें। इसकी प्रमुख सुविधाएँ इस प्रकार हैं:

- **एसएमएस शील्ड :** इंडस्ट्री में पहली बार पेश की गई यह सुविधा, मैसेज के सेंडर आईडी को एक्सिस बैंक की आधिकारिक आईडी से मिलान कर एसएमएस की प्रामाणिकता की जांच करती है।
- **इंटरनेट बैंकिंग बंद करें:** जरूरत न होने पर इंटरनेट बैंकिंग एक्सेस को पूरी तरह बंद किया जा सकता है।
- **फंड ट्रांसफर रोकना:** एक ही टॉगल से मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के जरिए सभी फंड ट्रांसफर तुरंत रोके जा सकते हैं।
- **नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन शॉपिंग को रोकता है :** यह फीचर उन लेनदेन को भी ब्लॉक करता है जो थर्ड-पार्टी ऐप्स (जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म) के माध्यम से नेट बैंकिंग को भुगतान माध्यम के रूप में उपयोग करते हैं।
- **यूपीआई पेमेंट रोकें :** एक्सिस मोबाइल ऐप के जरिए होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन को सीमित किया जा सकता है।
- **नए पेयी जोड़ने से रोकें :** यह सुनिश्चित करता है कि पैसे केवल पहले से स्वीकृत लाभार्थियों को ही ट्रांसफर हों।
- **फंड ट्रांसफर और यूपीआई के लिए लिमिट तय करें:** प्रति ट्रांजैक्शन लिमिट तय की जा सकती है; बड़ी राशि के ट्रांजेक्शन के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण जरूरी होगा।

सेफ्टी सेंटर में की गई सुरक्षा सेटिंग्स तुरंत लागू हो जाती हैं, किसी भी तरह का इंतजार नहीं करना पड़ता। यह उपयोगकर्ताओं को पूरा नियंत्रण देता है, ताकि वे बिना किसी बाहरी मदद के अपने खातों को सुरक्षित कर सकें। चुनिंदा ब्लॉकिंग और रियल-टाइम कंट्रोल के जरिए डिजिटल फ्रॉड का जोखिम काफी कम हो जाता है। साथ ही, शाखाओं या कॉल सेंटर पर निर्भरता घटने से कामकाज की दक्षता बढ़ती है और ग्राहकों को तेज व सहज बैंकिंग अनुभव मिलता है। लॉन्च पर बोलते हुए एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव - डिजिटल बिजनेस,




ट्रांसफॉर्मेशन और स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स, समीर शेट्टी ने कहा, 'एक्सिस बैंक में ग्राहक सुरक्षा हमेशा हमारी डिजिटल-फर्स्ट रणनीति का मूल रही है। सेफ्टी सेंटर, डिजिटल फ्रॉड में बढ़ोतरी से निपटने के लिए एक अहम कदम है, जो ग्राहकों को उनकी बैंकिंग सुरक्षा पर रियल-टाइम नियंत्रण देता है। हम लेयर्ड सुरक्षा और एसएमएस शील्ड व इन-ऐप मोबाइल ओटीपी जैसी उन्नत प्रमाणीकरण सुविधाओं के जरिए अपने सुरक्षा उपाय लगातार मजबूत कर रहे हैं।

ये सुविधाएँ बाहरी नेटवर्क पर निर्भरता कम करते हुए बिना रुकावट एक्सेस सुनिश्चित करती हैं। मजबूत सुरक्षा और सहज अनुभव के इस मेल से डिजिटल बैंकिंग आसान और भरोसेमंद बनती है। भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं के साथ हमारा लक्ष्य ऐसा सुरक्षित इकोसिस्टम बनाना है, जो बदलते खतरों और ग्राहकों की अपेक्षाओं के साथ विकसित हो।' यह लॉन्च एक्सिस बैंक की सेफ बैंकिंग पहल को आगे बढ़ाता है, जिसमें 'लॉक एफडी' जैसी इंडस्ट्री-फर्स्ट सुविधाएँ शामिल हैं, जो डिजिटल चैनलों के जरिए फिक्स्ड डिपॉजिट को समय से पहले बंद होने से रोकती हैं, और 'इन-ऐप मोबाइल ओटीपी', जो एसएमएस ओटीपी से जुड़े फ्रॉड को कम करने के लिए ऐप के भीतर समय-आधारित ओटीपी जनरेट करती है। जैसे-जैसे डिजिटल बैंकिंग का इस्तेमाल बढ़ रहा है, एक्सिस बैंक ग्राहक-केंद्रित नवाचारों के जरिए इस क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है और सुरक्षित, लचीले व भविष्य के लिए तैयार बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित कर रहा है।

# लगातार तीसरे दिन कमजोरी के साथ शेयर बाजार बंद, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। बुधवार को कारोबार के दौरान पूरे दिन बाजार में उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन में ज्यादातर समय बिकवालों ने दबाव बनाए रखा। दोपहर दो बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार को रिकवर करने में काफी मदद की। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान से उबर नहीं सके। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बुधवार को कारोबार के दौरान आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह हेल्थ केयर, मेटल और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बुधवार को लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, बैंकिंग और एफएमसीजी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में बुधवार को आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ बुधवार को के कारोबार का अंत किया। बुधवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी होने के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 25 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बुधवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 479.85 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन



479.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को बुधवार को कारोबार से करीब 25 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। बुधवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,108 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,066 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 176 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में बुधवार को 2,862 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,438 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,424 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स बुधवार को 442.94 अंक टूट कर 84,620.40 अंक के स्तर पर खुला। बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने 445.85 अंक की कमजोरी के साथ 84,617.49 अंक तक गोता भी लगाया। दोपहर दो बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से 340 अंक से अधिक की रिकवरी करके 102.20 अंक की कमजोरी के साथ 84,961.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख जारी है। सोने के भाव में बुधवार को 550 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी बुधवार को दिल्ली में 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। सर्राफा बाजार में बुधवार को आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर बाजार में 24 कैरेट सोना बुधवार को 1,38,830 रुपये से लेकर 1,38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना बुधवार को 1,27,260 रुपये से लेकर 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को ये चमकीली धातु ढाई लाख के स्तर के पार जाकर 2,53,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में बुधवार को 24 कैरेट सोना 1,38,980 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,38,830 रुपये प्रति



10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,27,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,38,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,27,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना बुधवार को 1,38,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,27,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,38,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,27,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,38,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,27,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना बुधवार को 1,38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,38,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,27,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी बुधवार को सोने के भाव में तेजी आई है।

# रियलमी 16 प्रो सीरीज का अनावरण: 200मेगापिक्सल ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट मास्टर के साथ पाएं मास्टर डिजाइन और शक्तिशाली परफॉर्मेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी 16 प्रो सीरीज पेश की। इस सीरीज के साथ ही प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है। फ्लैगशिप ग्रेड के रियलमी 16 प्रो+ और किफायती ऑल-राउंडर, रियलमी 16 प्रो के साथ यह सीरीज परफॉर्मेंस और डिजाईन के नए मानक स्थापित कर रही है। इसमें पोर्ट्रेट इमेजिंग का स्तर बहुत अधिक बढ़ा दिया गया है।

### 200 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट मास्टर करता है हर वाईब को सबसे बेहतर कैप्चर:

रियलमी 16 प्रो सीरीज प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में 200 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट मास्टर है, जो फ्लैगशिप लेवल के इमेजिंग हार्डवेयर के साथ इंटैलिजेंट सॉफ्टवेयर पेश करता है, जिससे पोर्ट्रेट फोटोग्राफी अत्यधिक शानदार हो गई है। ये दोनों मॉडल प्रोफेशनल टूल्स पेश करते हैं, जो हर मूड और हर क्षण को बिल्कुल सटीकता से कैप्चर करते हैं। फ्लैगशिप लेवल का रियलमी 16 प्रो+ एक्सक्लुसिव अपग्रेड्स के साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति को बहुत अधिक बढ़ा देता है। रियलमी 16 प्रो+ ने अपने सेगमेंट के एकमात्र 200 मेगापिक्सल ल्युमाकलर कैमरा और 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस के साथ नया मानक स्थापित कर दिया है। यह यूजर्स को "हर जूम में अपनी वाईब को स्नैप" करने में समर्थ




बनाता है। यह टीयूवी-रीनलैंड सर्टिफाईड कैमरा पोर्ट्रेट के लिए प्राकृतिक स्किन टोन, बेहतरीन गहराई और वातावरणीय प्रकाश प्रदान करता है। इसमें एक फुलफोकल पोर्ट्रेट लेंस किट (1एक्स/1.5एक्स/2एक्स/3.5एक्स/4एक्स) तथा प्रोडेप्थ बोके एलगोरिद्म है, जिसकी मदद से यह सभी फोकल लेंथ में हेयर लेवल ब्लर, थ्री-डायमेंशनल डेप्थ, और शार्प डिटेल्स प्राप्त करता है। रियलमी 16 प्रो+ को पार्टियों, जीवंत लाईट और जोशीले लोगों के लिए डिजाईन किया गया। यह बेहतरीन ग्रुप शॉट्स प्रदान करता है तथा सुंदर सोलो पोर्ट्रेट भी आसानी से खींच लेता है।

इसके अलावा रियलमी 16 प्रो+ मेनट्रैक एलगोरिद्म और 4के फुलफोकल एचडीआर वीडियो (1एक्स/2एक्स/3.5एक्स/7एक्स) के साथ 7एक्स क्लोज-अप, 10एक्स स्टेज कैप्चर और 120एक्स तक सुपरजूम को सपोर्ट करता है, जिससे बहुत स्मूथ, प्रोफेशनल ग्रेड के फुटेज प्राप्त होते हैं। यह गतिशील ऑब्जेक्ट्स को भी पिन-पॉईंट एक्युरेसी के साथ क्लिक कर लेता है। रियलमी 16 प्रो में भी रियलमी 16 प्रो+ का ही 200 मेगापिक्सल का ल्युमाकलर कैमरा और गोल्डन पोर्ट्रेट लेंस किट(1एक्स/1.5एक्स/2एक्स/3.5एक्स/4एक्स) है। यह भी फ्री फोकल लेंथ स्विचिंग के साथ हेयर लेवल ब्लर, थ्री-डायमेंशनल डेप्थ ऑफ फील्ड और स्पष्ट पोर्ट्रेट प्रदान करता है, ताकि यूजर्स हर जूम लेवल पर शानदार, प्राकृतिक पोर्ट्रेट प्राप्त कर सकें। फोटोग्राफी को ज्यादा स्टाईलिश और रचनात्मक बनाने के लिए इन दोनों ही मॉडलों में अनेक एडवांस्ड सॉफ्टवेयर फीचर्स दिए गए हैं।

उद्योग का पहला वाईब मास्टर मोड 21 एक्सक्लुसिव कस्टमाईज़्ड टोन पेश करता है, जिनमें 5 सिग्नेचर पोर्ट्रेट स्टाईल(लाईवली/विंटेज/फ्रेश/नियॉन/विविड) हैं। इन्हें महत्वपूर्ण अपग्रेड्स के साथ ए.आई एडिट जेनी से जोड़ा गया है। ए.आई एडिट जेनी सुगम एडिटिंग के लिए वॉईस और टैक्स्ट कमांड को सपोर्ट करता है। यह वन-क्लिक स्टाईल या बैकग्राउंड परिवर्तनों को संभव बनाता है, ताकि प्राकृतिक फेशियल कंसिस्टेंसी बनी रहे तथा वायरल सोशल मीडिया ट्रेंड्स को आसानी से रेप्लिकेट किया जा सके। ए.आई लाईटमी और ए.आई स्टाईलमी स्टूडियो-ग्रेड लाईटिंग इफेक्ट प्रदान करते हैं, तथा फन और स्टाईलाईज़्ड फिल्टर सीधे कैमरा इंटरफेस में जोड़ देते हैं। इन इनोवेशंस के साथ हर फोटो यूजर्स का अद्वितीय स्टाईल पेश करती है, जिसे तुरंत शेयर किया जा सकता है।

## बॉलीवुड समाचार

# अक्षय खन्ना की वजह से कई लड़कियों ने नवाजुद्दीन को किया था रिजेक्ट





आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' में अक्षय खन्ना के अभिनय की खूब तारीफें हो रही हैं। अक्षय खन्ना की उनके साथियों ने भी खूब तारीफ की है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भी कुछ साल पहले अक्षय खन्ना को जमकर सराहा था। एक्टर ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि अक्षय खन्ना की वजह से उन्हें कई लड़कियों से रिजेक्शन झेलना पड़ा, क्योंकि सभी लड़कियां अक्षय को पसंद करती थीं। फिल्म 'मॉम' के प्रमोशन के समय श्रीदेवी, अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन ने मीडिया से बातचीत की थी। नवाजुद्दीन ने इंटरव्यू के दौरान अपनी बैचलर लाइफ का एक किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया कि पार्टनर की तलाश में उन्हें कई बार रिजेक्शन मिला और इसकी सबसे बड़ी वजह थी कि सभी लड़कियां अक्षय खन्ना की दीवानी थीं। इंटरव्यू में अक्षय खन्ना शांत और विनम्र नजर आ रहे थे, वहीं श्रीदेवी और दर्शक इस किस्से पर हंस रहे थे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, 'मैं एक बात सबको बताना चाहता हूं। शादी से पहले मैं बहुत कोशिश करता था कि किसी को पसंद करूं। लड़कियों से बात करने की कोशिश करता था, लेकिन सभी मुझे रिजेक्ट कर देती थीं। मैंने सभी से पूछा, 'तुम्हें किस तरह का लड़का पसंद है?' और सच बताऊं तो सभी लड़कियां उसकी (अक्षय खन्ना) फैन थीं।' नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने आगे कहा, 'मैं उनसे पूछता था-उसमें ऐसा क्या खास है? कोई उसकी मुस्कान की बात करता, कोई उसकी आंखों की। उसका महिलाओं पर अजीब सा जादू था और उसकी बड़ी फैन फॉलोइंग थी।' अक्षय ने बीच में पूछा, 'मेरी?' नवाज ने तुरंत बात बदलते हुए कहा कि महिलाएं आज भी अक्षय को पसंद करती हैं, बस वह बहुत कम फिल्में करते हैं और उन्हें अपने फैंस के लिए ज्यादा फिल्में करनी चाहिए।

# रानी मुखर्जी और अक्षय कुमार ओह माय गॉड 3 में साथ आएंगे नजर

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म ओह माय गॉड 3 में रानी मुखर्जी और अक्षय कुमार एक साथ नजर आएंगे। रानी की एंट्री से कहानी में ताजगी और गंभीरता दोनों आ गई है। फिल्म से जुडे सूत्र ने कहा, 'यह हाल के वर्षों की सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक है। 'ओह माय गॉड' अक्षय कुमार की सबसे फेवरिट फ्रेंचाइजी में से एक है और रानी मुखर्जी के जुड़ने से यह और बड़ी हो गई है। उनकी मौजूदगी से कहानी में जबरदस्त गंभीरता और फ्रेशनेस आएगी।' एक रिपोर्ट के मुताबिक, रानी मुखर्जी के जुड़ने से 'ओह माय गॉड 3' का लेवेल और इमोशनल इंटेंसिटी काफी बढ़ जाएगी। सूत्र ने यह भी बताया कि अक्षय कुमार तीसरी फिल्म के साथ फ्रेंचाइजी का दायरा बढ़ाना चाहते थे और हर पहलू को और बड़ा और प्रभावशाली बनाना चाहते थे। 'ओह माय गॉड 3' फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और उम्मीद है कि इसकी शूटिंग 2026 के मध्य तक शुरू हो जाएगी। निर्देशक अमित राय, जिन्होंने 'ओएमजी 2' बनाई थी। कहा जा रहा है कि उन्होंने इस बार पहले से ज्यादा बड़ी, सामाजिक रूप से प्रासंगिक और दमदार कहानी तैयार की है। सूत्र ने आगे कहा, 'निर्देशक अमित राय ने इस बार पहले से बड़ी, ज्यादा प्रासंगिक और दमदार कहानी तैयार की है। अक्षय कुमार चाहते थे कि 'ओएमजी 3' हर मामले में पहले से बड़ी हो, चाहे वह कहानी हो, भावनाएं हों या एक्टिंग। रानी के जुड़ने से फिल्म और भी बड़ी हो गई है। "ओह माय गॉड' फ्रेंचाइजी ने हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई है, जिसमें सामाजिक मुद्दों को हास्य और पॉपुलैरिटी के साथ पेश किया गया है। पहली दो फिल्में न सिर्फ कमर्शियल हिट रहीं, बल्कि अपने विषयों को लेकर काफी चर्चा में भी रहीं। यही वजह है कि तीसरी फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।



# ब्रांड नेम के पीछे की सोच का खुलासा किया रणबीर कपूर ने

अपने लाइफस्टाइल ब्रांड एआरकेएस के नाम को लेकर चल रही सभी अफवाहों पर बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर ने विराम लगा दिया है। उन्होंने ब्रांड के ऑफिशियल इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे फैक्ट्री का टूर करते हुए एआरकेएस के बारे में खुलकर बात करते नजर आए। रणबीर कपूर के ब्रांड एआरकेएस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल और यूट्यूब चैनल पर हाल ही में एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें उन्होंने दर्शकों के सवालों के जवाब देते हुए ब्रांड के नाम के पीछे की सोच का खुलासा किया। वीडियो में रणबीर ने यह भी बताया कि यह मैन्युफैक्चरिंग यूनिट पहले उनके ब्रदर-इन-लॉ (जीजा) भारत साहनी की थी। वीडियो में रणबीर कपूर बताते हैं कि ब्रांड की शुरुआत सिर्फ स्नीकर्स से हुई थी। उन्होंने कहा, 'हम शुरू में इसे रणबीर कपूर शू के तौर पर लॉन्च करना चाहते थे। कई नाम सोचे गए जैसे रणबीर कपूर स्टूडियो... फिर मैंने सोचा कि नाम का कोई खास मतलब होना जरूरी नहीं। एआरकेएस नाम सुनते ही और लोगो (एलओजीओ) देखते ही सब कुछ क्लिक हो गया।

# साई पल्लवी अब बॉलीवुड में भी धूम मचाने को तैयार

साउथ की शानदार एक्ट्रेस साई पल्लवी अब बॉलीवुड में भी रणबीर कपूर स्टारर फिल्म के साथ डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। साल 2026 और 2027 में साई पल्लवी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने की पूरी तैयारी कर रही हैं। दरअसल उनकी कई धमाकेदार फिल्में लाइन से रिलीज होने वाली हैं। इनमें से बॉलीवुड की दो पार्ट वाली माइथोलॉजिकल एपिक फिल्म रामायण से मेरे रहों तक शामिल हैं। इन फिल्मों से वे हिंदी सिनेमा में एंट्री करेंगी। उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट ये है। साई पल्लवी की मच अवेटेड फिल्मों में रणबीर कपूर स्टारर एक लार्ज स्केल माइथोलॉजिकल एपिक फिल्म रामायण पार्ट 1 है। ये फिल्म दिवाली 2026 को रिलीज होने वाली है। इस पौराणिक फिल्म में साई पल्लवी माता सीता के किरदार में नजर आएंगीं। फिलहाल ये फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन में हैं। इसके बाद रामायण का पार्ट 2 दिवाली 2027



को रिलीज होगी। यह सीक्वल राम, सीता और रावण की गाथा को आगे बढ़ाएगा, जो भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक है। अगर साई पल्लवी दोनों भागों में सीता की भूमिका निभाती हैं, तो वह यकीनन से अपनी जनरेशन की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में शुमार हो जाएंगी। ये फिल्म नमित मल्होत्रा द्वारा प्रोड्यूस दंगल के निर्देशक नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित है। फिल्म की स्टार कास्ट में रणबीर कपूर और साई पल्लवी के अलावा यश, सनी देओल, रवि दुबे, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह सहित कई बड़े कलाकार शामिल हैं। साई पल्लवी आमिर खान के बेट जुनैद खान संग भी फिल्म मेरे रहो में नजर आएंगीं। ये एक हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे 2025 में रिलीज होना था लेकिन फिर इसे समर 2026 के लिए पोस्टपोन्ड कर दिया गया है। फिलहाल इसकी रिलीज होने की तारीख तय होनी बाकी है। सुनील पांडे द्वारा निर्देशित फिल्म मेरे रहो जुनैद की सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली दूसरी फिल्म होगी। वहीं, साई पल्लवी इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित ये एक बायोपिक फिल्म है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)**
ई-मेल-eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. फ्लैट भवन योजना के अतंर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक LIG Flat No. 602 Block No. 1, श्री सुरेन्द्र कुमार पिता श्री धर्मवीर सिंह को पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 11.01.2022 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 10/09/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती नाहिद अंजुम पति श्री इरशाद अंसारी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-4903223**
email ID-eocghbzone02@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक-980, श्रीमती बसंती साहू पति श्री विनोद साहू के नाम से नामांतरित है, नामांतरी द्वारा उक्त भवन की विक्रय विलेख दिनांक 18/11/2021 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है. जिसके पश्चात् उक्त भवन को नामांतरी द्वारा HDFC Bank, शाखा शंकर नगर रायपुर में बंधक रख कर ऋण लिया गया है। उक्त बैंक / संस्था द्वारा पत्र दिनांक 17/12/2026 के माध्यम ऋण चुकता होने संबंधी पत्र जारी किया गया है। आबंटी श्रीमती बसंती साहू पति श्री विनोद साहू निवासी-एल.आई.जी.-980, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता (1) श्री राम प्रसाद पिता श्री पतिराम साहू एवं (2) श्री रामफल साहू पिता श्री पतिराम साहू निवासी-घर नं.-57, सेन्हाभाठा, कुंडा कवर्धा जिला कबीरधाम, (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर


# शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो बेहतर क्रियान्वयन : प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज जिला कलेक्टोरेट खैरागढ़ के सभाकक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।



बैठक में खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जनपद पंचायत खैरागढ़ की अध्यक्ष श्रीमती राजेश्री त्रिपाठी, कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, वनमंडलाधिकारी श्री पंकज सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर श्री सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुँचना चाहिए और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता तभी संभव है, जब उनका वास्तविक लाभ आम नागरिकों को मिले।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा है कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ एक नया जिला है, संसाधनों की सीमाएँ हैं, लेकिन आने वाले समय में सरकार क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित कक्षाओं एवं सतत मूल्यांकन पर जोर देते हुए कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों से समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिले में सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं व्यवंदन कार्ड शत-प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्डों के माध्यम से उपचार की सुविधा सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध हो तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को बिना किसी बाधा के लाभ दिलाया जाए।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**

## // प्रथम निविदा सूचना //

क्रमांक 37/नपानि/लो.क.वि./2026 रायपुर, दिनांक 06.01.2026

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 20.01.2026 को सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 21.01.2026 को सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28.01.2026 को सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 29.01.2026 को सुबह 11.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर./नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नगर पालिक निगम, रायपुर क्षेत्रांतर्गत शासकीय निगम भवनों एवं शासकीय निगम कार्यालयों का संधारण/ मरम्मत कार्य। | 9.60 | 7500.00 | 750.00 | ''डी'' श्रेणी एवं उससे उपर | 02 माह | प्रपत्र ''अ'' ''ब'' | पी.डब्ल्यु.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 एवं पी.डब्ल्यू.डी. इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. दिनांक 01/06/2020 (वर्तमान दिनांक तक संशोधित) एवं नॉन एस.ओ.आर. |

**नोट - 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज -**

1. छ.ग. पीडब्ल्युडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र 2. जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र 3. पेन कार्ड 4. विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार / फर्म के लिये यह लागू नही होगा) 5. विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न 6. राशि रु 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड) 7. राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।

2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें अधीक्षण अभियंता कार्यालय, कक्ष क्रमांक 404 में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

3. उक्त निविदा नगर निगम के वेवसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
रायपुर

घरों से निकलने वाले गिला और सूखा कचरों को सफाई मित्र (वाहन) को देवें


# कैट ने बजट हेतु केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को दिया सुझाव

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी आम बजट हेतु आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण हेतु केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को आम बजट हेतु आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण से संबंधित सुझाव दिया गया। जो निम्नानुसार है :-

### आयकर हेतु सुझाव :-

01. टीडीएस को हटाया जाना चाहिये (धारा 198 क्यु) 02. धारा 263 के तहत आदेश के अनुसार ताजा मूल्यांकन 03. छोटे करदाताओं को दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक पूंजीगत लाभ पर राहत 04 .धारा 17(2) के अनुदान से संबंधित मुद्दे 05. धारा 139(4) के अंतर्गत विलंबित रिटर्न की समय सीमा/धारा 139 (5) के अंतर्गत संशोधित रिटर्न से संबंधित मुद्दा 06.आईटीआर दाखिल करने के लिए अनिवार्य विलंब शुल्क को यक्तिसंगत बनाने से संबंधित मुद्दा (234एफ) 07.धारा 139(8ए) के तहत अद्यतन रिटर्न से संबंधित मुद्दे 08. प्राथमिक मेल और द्वितीयक मेल दोनों में ई-मेल के माध्यम से नोटिस आदि की सेवा अनिवार्यत 09. धारा 148 - मूल्यांकन को फिर से खोलने के नए प्रावधान 10. अपीलों की प्राथमिकता पर सुनवाई और निपटान 11. अन्य प्रक्रियात्मक मुद्दे 12. Account Ability of the Assessing Officer 13. आईटीआर की प्रोसेसिंग न होने/प्रोसेस्ड आईटीआर का रिफंड न जारी होने से संबंधित मुद्दे (इन) बड़े रिफंड का मामला 14. खुदरा व्यापार को बढ़ावा देने 15. वायदा बाजार 16. धारा-56 ;2h 17. टी.डी.एस. 18. नगद लेन देन सीमा 19. आयकर रिटर्न 20. आयकर सर्च एवं सर्वे 21. अन्य प्रावधानों में सुधार हेतु सुझाव 22. धारा-154 23. Interest on refunds 24. ITO

### जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव :-

1. एचएसएन कोड मानकीकरण, 2. कम्पोजीशन डीलर टर्नओवर सीमा में वृद्धि, 3.जीएसटीआर-3बी में संशोधन की सुविधा, 4. वार्षिक रिटर्न (जीएसटीआर-9) में सुधार, 5. जीएसटीआर-2बी के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट मान्य होना, 6. नियम 86बी - इनपुट टैक्स क्रेडिट को 99 प्रतिशत तक सीमित करना, 7. प्रारंभिक वर्षों से छूटा हुआ इनपुट टैक्स क्रेडिट, 8. विलंबित अपील और लंबित रिटर्न के लिए एम्नेस्टी।,

# सिविल लाइन मंडल में नवनियुक्त कोषाध्यक्षों ने लिया संत श्री युधिष्ठिरलाल जी का आशीर्वाद

**जतिन नचरानी**

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइन मंडल में कोषाध्यक्ष एवं सह-कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के उपलक्ष्य में संत श्री युधिष्ठिरलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर संगठन की उन्नति, सेवा भाव एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ संतश्री से मार्गदर्शन लिया गया।



आशीर्वाद कार्यक्रम में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष श्री ललित जैसिंघ, मंडल कोषाध्यक्ष श्री धनेश मटलानी, सह-कोषाध्यक्ष श्री रितेश वाधवा तथा श्री उदय शदानी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम 'सुप्रजा' के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को समग्र आयुष सेवाएं

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम सुप्रजा के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं , प्रसवोत्तर माताओं एवं नवजात शिशुओं की समग्र देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष पद्धतियों के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ शिशु तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।



कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच की जाती है, जिसमें यूरिन प्रेगनेंसी टेस्ट, रक्तचाप, ब्लड शुगर, पेशाब की जांच, हीमोग्लोबिन प्रतिशत, ऊंचाई एवं वजन तथा गर्भस्थ शिशु की स्थिति की जांच शामिल है। ये सेवाएं प्रतिमाह शिविरों एवं ओपीडी के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। आवश्यकता अनुसार सोनोग्राफी कराने की सलाह भी दी जाती है। इसके साथ ही गर्भवती महिला, टारगेट कपल एवं परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग भी की जाती है।

योग चिकित्सकों एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा गर्भावस्था के अनुसार सुरक्षित योग, प्राणायाम एवं मानसिक विश्रांति के अभ्यास कराए जाते हैं। साथ ही माहवार आहार-विहार की जानकारी दी जाती है, जिसमें गर्भावस्था के दौरान किन खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए तथा किन चीजों से परहेज करना चाहिए, इस पर विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है।



आयुष विभाग द्वारा गर्भ संस्कार के अंतर्गत सकारात्मक विचार, अच्छी पुस्तकें पढ़ना, पेंटिंग, संगीत एवं ध्यान जैसी रचनात्मक गतिविधियां कराई जाती हैं, जिससे गर्भस्थ शिशु के सर्वांगीण विकास में सहायता मिल सके। प्रसव के बाद माताओं के वजन, रक्तचाप, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच की जाती है। नवजात शिशुओं के वजन, पीलिया एवं छाती की जांच की जाती है।

सुप्रजा कार्यक्रम का संचालन वर्तमान में रायपुर की तीन आयुष संस्थाओं में किया जा रहा है। अक्टूबर 2023 से वर्तमान तक इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 500 गर्भवती महिलाएं एवं 250 प्रसवोत्तर महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। आयुष विभाग का यह प्रयास मातृ-शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जोड़ते हुए एक समग्र एवं प्रभावी मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।

सुप्रजा कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. पूर्णिमा राजपूत, डॉ. नमीरा आलम, डॉ. प्रतिमा धृतलहरे सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



















# संगठित जुआ के आरोपी को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ में संगठित जुआ कारोबार चलाने के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। फैसले के बाद पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पूरी छूट मिल गई है और जिलेभर में दबिश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक 7 अक्टूबर 2025 को फास्टरपुर थाना की टीम ने ग्राम विचारपुर में गुप्त सूचना पर छापा मारकर रवि कुमार आंचल को रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़ा था। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों से सामने आया कि वह वर्ष 2021 से मुख्य सरगना योगेंद्र शर्मा के निर्देश पर संगठित तरीके से जुआ संचालन कर रहा था। जांच में पता चला कि जुए से होने वाली कमाई का पूरा लेखा-जोखा मोबाइल फोन के जरिए साझा किया जाता था।



पैसों का लेन-देन यूपीआई और नकद दोनों माध्यमों से किया जा रहा था। यह नेटवर्क सुनियोजित ढंग से डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर संचालित किया जा रहा था। पुलिस को आरोपी और सह-आरोपियों के एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक खातों के बीच 7 लाख 5 हजार 945 रुपये से अधिक के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के प्रमाण मिले हैं। पुलिस का कहना है कि यह राशि जुए से अर्जित अवैध धन है, जिसकी जांच जारी है।

# जिले के 549 ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार एवं आवास दिवस

**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

ग्रामीण विकास को मिली नई गति, योजनाओं से सीधे जुड़े रोजगार व आवास योजनाओं का एक साथ हुआ प्रभावी क्रियान्वयन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी 07 जनपदों की 549 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का सफल और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, पंच, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मजदूर शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हितग्राहियों को किस्त भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा समयबद्ध आवास निर्माण की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि आवास निर्माण के दौरान हितग्राही 90 दिवस की मनरेगा मजदूरी के पात्र हैं, जिससे उनकी आर्थिक




स्थिति को मजबूती मिल सके। आजीविका डबरी व डिजिटल पहल से सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'आजीविका डबरी' योजना पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को अपने खेतों में डबरी निर्माण के लाभ बताए गए, जिससे सिंचाई, मत्स्य पालन एवं अतिरिक्त आय के अवसर सृजित हो सकें। इसके साथ ही योजनाओं में पारदर्शिता लाने हेतु क्यूआर कोड आधारित डिजिटल प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों को मोबाइल के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर योजना की जानकारी एवं प्रगति देखने के लिए प्रेरित किया गया। वीवी जी राम जी स्कीम पर संवाद, जागरूकता और जनभागीदारी ग्रामीण विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए वीवी जी राम जी स्कीम पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी तथा ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के लेखन एवं प्रदर्शनियों के माध्यम प्रसार किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना एवं ग्रामीण विकास में जन-भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

# रफ्तार बाइक की टक्कर से मायके आई महिला और 4 साल की बेटी की मौत

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

सकरी थाना क्षेत्र के परसदा के पास एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मायके आई महिला और उसकी चार साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई।

मुंगेली जिले के जरहागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमोरा निवासी उर्मिला मनहर (36) अपनी बेटी मान्यता (4) के साथ मायके ग्राम परसदा आई हुई थीं। सोमवार शाम करीब 5:30 बजे वह रिश्तेदारों के साथ मेन रोड की ओर घूमने निकली थीं। इसी दौरान कोटा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक (क्रमांक ओडी 01 एएस 7268) ने मां-बेटी को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद बाइक सवार वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया।



# स्पा सेंटरों की जांच में मिली गड़बड़ी, 5 संचालकों पर कार्रवाई

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

सिविल लाइन थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में संचालित स्पा सेंटरों की सघन जांच की गई, ताकि अनियमित और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। अभियान के तहत एक्का स्पा (36 मॉल), एसीसी स्पा (व्यापार विहार), दर्शना स्पा (भारतीय नगर), एलिमेंट्स स्पा (मैग्नेटो के पास) और एक्का-2 स्पा (महाराणा प्रताप चौक) की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने दस्तावेजों, स्टाफ की उपस्थिति और संचालन से जुड़ी गतिविधियों का सत्यापन किया। जांच के दौरान कुछ स्पा सेंटरों में नियमों के उल्लंघन और अनियमित गतिविधियां पाई गईं। इसके बाद पुलिस ने संबंधित स्पा प्रबंधकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। पुलिस द्वारा जिन स्पा प्रबंधकों के विरुद्ध कार्रवाई मोइन खान (33 वर्ष, निवासी टॉप्सिया तिलजला, पश्चिम बंगाल), मनीष जोशी (28 वर्ष, निवासी विद्यानगर) और अमन सेन (23 वर्ष, निवासी महाराणा प्रताप चौक) शामिल हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले समस्त विधानसभा क्षेत्रों में दस्तावेज सत्यापन व सुनवाई 22 तक

**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

नए एवं पात्र अपंजीकृत मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने बीएलओ द्वारा प्राप्त किए जा रहे फॉर्म-6 भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण में मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्वाचक नामावलियों में सभी पात्र नागरिकों के नाम सम्मिलित हों तथा किसी भी प्रकार से अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रहें।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 04 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं 35 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) पदाभिहित किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अनमैप्ड निर्वाचकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ईआरओ, एईआरओ एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संबंधित मतदाताओं



को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं को कुल तीन अवसर प्रदान किए जाएंगे। वहीं मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा नए मतदाताओं एवं सभी पात्र लेकिन अब तक अपंजीकृत नागरिकों से फॉर्म-6 प्राप्त किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए निम्नानुसार दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। इनमें केंद्र एवं राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक उपक्रमों के नियमित कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालयों द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, भूमि अथवा गृह आबंटन प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज शामिल हैं। आधार से संबंधित प्रकरणों में आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है। इन सभी दस्तावेजों की सूची मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिस में भी स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित स्थलों पर सुनवाई हेतु नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिनकी तामिली संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा की जा रही है। सुनवाई की जानकारी ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर तथा अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए आमजन तक पहुंचाई जा रही है।

साथ ही सभी सुनवाई स्थलों पर मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रहे इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई है, ताकि जिले की निर्वाचक नामावलियां पूर्णत: शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सकें।

# आदर्श आईटीआई में छात्रों को छुट्टी देकर 'न्यू ईयर पार्टी' शिक्षकों के डांस का वीडियो वायरल



**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

जिले के कोनी स्थित शासकीय आईटीआई कोनी में आयोजित न्यू ईयर पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में शिक्षक और कर्मचारी संस्थान परिसर के भीतर तेज फिल्मी गानों पर डांस करते नजर आ रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि 2 जनवरी को सुबह करीब 10:30 बजे सभी विद्यार्थियों को छुट्टी दे दी गई। इसके बाद पुराने हॉल में शिक्षक व कर्मचारियों ने गाना बजाकर जश्न शुरू किया, जो करीब चार घंटे तक चला। इस दौरान नियमित कक्षाएं और प्रैक्टिकल पूरी तरह ठप रहे। छात्रों ने बताया कि जब उन्होंने इस मामले पर आपत्ति जताई तो उन्हें प्रैक्टिकल में कम नंबर देने और शॉर्ट अटेंडेंस लगाने की धमकी दी गई। छात्रों के अनुसार, शुक्रवार को ट्रेनिंग सुपरिटेंडेंट की नियमित कक्षा भी तय समय पर नहीं ली गई। मालूम हो कि आईटीआई कोनी में 35 ट्रेड संचालित हैं और लगभग 1400 छात्र नामांकित हैं, जिनमें रोजाना 700 से अधिक विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए पहुंचते हैं। छात्रों का कहना है कि कई ट्रेड में आवश्यक मशीनें उपलब्ध नहीं हैं और जो मशीनें प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। मामले के सामने आने के बाद छात्रों ने एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के साथ प्रभारी प्राचार्य डी.के. तिवारी को ज्ञापन सौंपा और जांच के साथ जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में ऑनलाइन एंट्री अवश्य करें अधिकारी-कर्मचारी: कलेक्टर

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन जनशिकायत, मानव अधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्रता से कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लंबित पत्रों का परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कर संबंधित को सूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों में आधार-फेस आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय में कार्यालय पहुँचे और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए ऑनलाइन एंट्री दर्ज कराएँ। कलेक्टर ने किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर एनआईसी से समन्वय कर इसका निराकरण करने के निर्देश देते हुए विलंब से आने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही की बात कही है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर दुदावत ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सियान जतन दिवस के माध्यम से नियमित शिविर लगाते हुए वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जाँच करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में पर्याप्त चिकित्सकीय अमला की ड्यूटी लगाते हुए शुगर, बीपी, हाइपरटेंशन की जाँच के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे तहसीलदार, पटवारी, समिति के माध्यम से किसानों से जुड़ी समस्याओंकृरकबा संशोधन, अन्य त्रुटियों को दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मूल किसानों को धान बेचने में किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े और शासन द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ मिल सके।

बैठक में कलेक्टर ने पसान में पीएचसी के पास स्वीकृत भवन के कार्य में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को निर्देशित किया कि दो दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ कराएँ, अन्यथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करते हुए टर्मिनेट करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर दुदावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना में प्रगति लाने और जनपद स्तर पर बैठक आयोजित कर सरपंच और सचिवों के माध्यम से इच्छुक हितग्राही को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस माह के भीतर लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने के निर्देश भी दिए।

# शराब के नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, वीडियो वायरल होने पर निलंबित

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

मुंगेली जिले में विकासखंड लोरमी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला लाखासार में पदस्थ सहायक शिक्षक लक्ष्मण कोलाम का शराब के नशे में स्कूल पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच कराई गई। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डाहिरे ने सहायक शिक्षक लक्ष्मण कोलाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना 5 जनवरी 2026 की है।वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच कराई गई। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डाहिरे ने सहायक शिक्षक लक्ष्मण कोलाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना 5 जनवरी 2026 की है।

बीईओ लोरमी ने घटना की पुष्टि करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को मौखिक सूचना दी थी और शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि नशे की हालत में विद्यालय आना शासकीय सेवा नियमों का गंभीर उल्लंघन है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा और विभाग की साख दोनों प्रभावित होती हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1, 2, 3) का उल्लंघन माना। इसके तहत छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (नियंत्रण, वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 (क) के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, लोरमी निर्धारित किया गया है और वे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते के पात्र होंगे।

# सकरी मिडिल स्कूल में कुत्तों का हमला 3 बच्चे घायल, सुरक्षा आदेश बेअसर

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

सकरी क्षेत्र के मिडिल स्कूल में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक आवारा कुत्ता स्कूल परिसर में घुस आया। क्लासरूम के पास पहुंचे कुत्ते ने कक्षा 8वीं की छात्रा मोना यादव पर हमला कर उसके पैरों को बुरी तरह काट लिया। इसके बाद यादव मोहल्ला निवासी तमन्ना साहू, सूरज और नवदा गांव से आए एक अन्य बच्चे को भी घायल कर दिया। शिक्षकों ने काफी प्रयास के बाद बच्चों को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया।

हमले में घायल तीन बच्चों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक बच्चे का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा गया।

आवारा कुत्तों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पहले ही सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इस समस्या के समाधान के लिए कमेटी बनाकर निर्देश जारी किए थे। इसके पालन में लोक शिक्षण संस्थान ने स्कूलों के प्राचार्य और प्रधान पाठकों को परिसर में कुत्तों की एंट्री रोकने की जिम्मेदारी सौंपी थी। बावजूद इसके, दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। कुछ दिन पहले खमतराई स्कूल में भी एक छात्र और दो शिक्षिकाओं को कुत्तों ने काट दिया था। इस मामले पर भी हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है।

खमतराई स्कूल की पूर्व घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने सख्ती के दावे किए थे, लेकिन सकरी स्कूल की ताजा घटना ने इन दावों की पोल खोल दी। न तो स्कूल परिसरों में कुत्तों को रोकने के उपाय किए गए और न ही नगर निगम की डॉग कैचर टीम सक्रिय दिखाई दी।

नगर निगम, जनपद और पंचायत स्तर के अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों से कुत्तों को पकड़ने के लिए नियमित शिकायतें नहीं मिलतीं। जब तक लिखित सूचना नहीं आती, कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि समस्या जस की तस बनी हुई है। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार जिले के 49 स्कूल ऐसे हैं, जहां बाउंड्रीवाल ही नहीं है। कुछ स्कूलों की दीवारें भी इतनी जर्जर हैं कि कुत्ते आसानी से भीतर घुस जाते हैं। इससे बच्चों की सुरक्षा पर लगातार खतरा बना हुआ है। खमतराई स्कूल, जहां दो शिक्षिकाओं और एक छात्र भी डॉग बाइट के शिकार हुआ, वहां बाउंड्रीवाल की ऊंचाई कम होने के कारण कुत्ते व अन्य मवेशी भीतर प्रवेश करते हैं।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव की बड़ी सौगात

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

लोरमी के 05 वार्डों में 5.86 करोड़ से बन रहीं अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधामजिले के नगर पालिका परिषद लोरमी क्षेत्र के नागरिकों को अंतिम संस्कार के समय होने वाली असुविधाओं से राहत दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और संवेदनशील पहल की गई है। उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक श्री अरुण साव के विशेष प्रयासों से लोरमी नगर के 05 वार्डों में कुल 5.86 करोड़ की लागत से आधुनिक, सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधामों का निर्माण, विस्तार एवं सौंदर्यीकरण कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना लंबे समय से चली आ रही नागरिकों की मांग का प्रतिफल है। मुक्तिधामों की बदहाल स्थिति, मूलभूत सुविधाओं के अभाव और सीमित स्थान को लेकर नगरवासियों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। जनभावनाओं को समझते हुए उप मुख्यमंत्री श्री



साव ने नगरीय प्रशासन विभाग से इन कार्यों के लिए पर्याप्त बजट स्वीकृत कराया।

न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध कार्यवाही उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय के प्रकरण के अंतर्गत मुक्तिधामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया था। न्यायालय के निर्देशों के पूर्व ही जनहित को सर्वोपरि रखते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा इन कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई, जो उनकी दूरदर्शिता और क्षेत्र के प्रति सक्रियता को दर्शाता है। इन आधुनिक मुक्तिधामों के निर्माण से शोकाकुल परिजनों को उनके सबसे कठिन समय में बेहतर, गरिमामय और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा। नगर पालिका प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सभी शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा।

**तेजी से प्रगति पर निर्माण कार्य**

नगर पालिका परिषद लोरमी द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। वर्तमान में अधिकांश कार्य 50 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुके हैं।

परियोजना के अंतर्गत मुक्तिधामों में शेड निर्माण, बैठने की व्यवस्था, पानी, विद्युत, पहुंच मार्ग, सौंदर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, इनमें वार्ड क्रमांक 13 बाबा सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण कार्य, वार्ड 03 सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण कार्य, वार्ड 08 रानीगांव में 124.73 लाख रूपए की लागत से सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, वार्ड 15 में 69.96 लाख रूपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण कार्य और वार्ड 09 में 40 लाख रूपए की लागत से विस्तारीकरण कार्य सहित कुल 586.70 करोड़ रूपए की लागत से विकास कार्य किया जा रहा है।

# उपराष्ट्रपति ने "गाओ, नाचो एवं नेतृत्व करो: श्रील प्रभुपाद के जीवन से नेतृत्व का सबक" नामक पुस्तक का विमोचन किया

- **उपराष्ट्रपति ने नेतृत्व के मूल सिद्धांतों के रूप में नैतिक स्पष्टता एवं सेवा पर बल दिया**
- **भारत की सभ्यतात्मक बुद्धिमत्ता कालातीत नेतृत्व की शिक्षा प्रदान करती है: उपराष्ट्रपति**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति आवास में आयोजित एक समारोह में हिंदोल सेनगुप्ता द्वारा लिखित "गाओ, नाचो एवं नेतृत्व करोः श्रील प्रभुपाद के जीवन से नेतृत्व का सबक" पुस्तक का विमोचन किया।

उपराष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भारत को एक सभ्यतागत नेता के रूप में वर्णित किया, जिसकी परंपराओं ने निरंतर मूल्यों, सेवा एवं आंतरिक अनुशासन पर आधारित नेतृत्व पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद का जीवन इस परंपरा में दृढ़ता के साथ खड़ा है, जो उद्देश्य, विनम्रता एवं नैतिक स्पष्टता पर आधारित नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

उपराष्ट्रपति ने उल्लेख किया कि स्वामी प्रभुपाद के विचार एवं शिक्षाएं तेजी से बदलती दुनिया में आज पहले से ज्यादा प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रभुपाद ने ऐसे संस्थान स्थापित किए जो पीढ़ियों तक मानवता की सेवा करते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नेतृत्व का वास्तविक प्रमाण इस तथ्य में निहित है कि कई लोग उनका नाम नहीं जानते लेकिन उनके कार्य एवं इसके स्थायी प्रभाव से विश्व के लाखों लोग प्रभावित हैं।

उपराष्ट्रपति ने याद किया कि




स्वामी प्रभुपाद ने अधिक उम्र में भी महाद्वीपों की असाधारण यात्रा की, जहां वह न केवल एक धार्मिक दर्शन बल्कि अनुशासन, भक्ति एवं आनंद पर आधारित जीवन शैली भी अपने साथ ले गए। 1966 में स्थापित इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इसकी वैश्विक सफलता इस बात का प्रमाण है कि नेतृत्व अधिकार पर नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास, सेवा एवं स्पष्ट दृष्टिकोण पर आधारित है।

उपराष्ट्रपति ने पुस्तक के मुख्य विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाओ, नाचो एवं नेतृत्व करो' एक सशक्त विचार प्रस्तुत करती है कि नेतृत्व आनंदमय, सहभागी और गहन मानवीय हो सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रभुपाद ने आदेश से नहीं बल्कि प्रेरणा से नेतृत्व किया और सादगी एवं भक्ति में अडिग रहते हुए स्थायी संस्थाओं का निर्माण किया।

संत-कवि तिरुवल्लुवर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए, उपराष्ट्रपति ने उजागर किया कि नेतृत्व की शुरुआत स्पष्ट सोच एवं उच्चतर आंतरिक दृष्टि से होती है, जिसे फिर सामूहिक कार्रवाई में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक स्वामी प्रभुपाद के जीवन को नैतिक एवं परिवर्तनकारी नेतृत्व के एक अध्ययन के रूप में प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करती है, जो इतिहास, दर्शन एवं समकालीन नेतृत्व संबंधी विचारों को आपस में जोड़ती है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस प्रकार के कार्य विशेष रूप से उन लोगों के लिए बहुत प्रासंगिक हैं जो सार्वजनिक जीवन में शामिल हैं, जहां लोकतांत्रिक संस्थाएं विश्वास, संयम एवं सेवा की भावना पर फलती-फूलती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यह पुस्तक युवा पाठकों को भौतिक सफलता से परे उद्देश्य खोजने एवं नेतृत्व को दूसरों की उन्नति तथा सामूहिक भलाई में एक साधन के रूप में सोचने के लिए प्रेरित करेगी।

इस कार्यक्रम में श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री; मधु पंडित दास, अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष तथा इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष; चंचलपति दास, अक्षय पात्र फाउंडेशन के उपाध्यक्ष एवं सह-संस्थापक तथा इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, साथ ही वरिष्ठ अधिकारी, विद्वान एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित हुए।




## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र भारत की लोकप्रिय आवाजों के दस्तावेजीकरण के लिए 'आवाज़ों के जुगनू' का शुभारंभ करेगा

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त संस्था, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आई जी एन सी ए), भारत की चुनिंदा सबसे मशहूर आवाज़ों को रिकॉर्ड किए गए साक्षात्कारों और असली प्रकाशनों के माध्यम से डॉक्यूमेंट करने और उन्हें सहेजने के लिए एक विशेष पहल की शुरूआत करने जा रहा है। वर्षों से निरंतर चल रही तलाश और ऑडियो और वीडियो खंगालने की कोशिशों के बाद, इस पहल को 8 जनवरी 2026 को शाम 4.00 बजे 'आवाज़ों के जुगनू' टाइटल के अंतर्गत पुस्तक और स्वर दोनों प्रारूप में औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा। इसमें आकाशवाणी, एफ एम चैनलों, वॉइस-ओवर इंडस्ट्री, प्रसारण और काव्य पाठ मंचन की परंपरा से जुड़े 31 लोगों के सफर को समेटने का प्रयास किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी करेंगे। जाने-माने प्रसारक और वॉइस एक्टर श्री हरीश भिमानी मुख्य अतिथि के तौर पर इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि जाने-माने प्रसारक और वॉइस एक्टर श्री शम्मी नारंग विशिष्ट अतिथि होंगे। आवाज की दुनिया से जुड़ी सुश्री सोनल कौशल विशेष अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। इस मौके पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के मीडिया सेंटर के कंट्रोलर श्री अनुराग पुनेठा स्वागत भाषण देंगे, और पुस्तक में संकलन कर्ता और संपादक डॉ. शेफाली चतुर्वेदी प्रकाशन का परिचय देंगी। यह प्रकाशन रेडियो और आवाज़ पर आधारित कहानी कहने के लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक महत्व, एक ऐसी परंपरा जिसने दर्शकों के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनाया है, को सामने लाने वाला है। अनेकों पीढ़ियों में आवाज़ों के ज़रिए कहानियों, किरदारों और भावनाओं को पहुँचाने से जुड़ी यह परियोजना सामूहिक संस्मरण, गर्मजोशी और भरोसे को आकार देने में आवाज़ की अनोखी शक्ति पर विचार करने का एक अवसर देने वाली है। यहाँ तक कि वर्तमान समय के डिजिटल युग में भी, वॉइस-ओवर की कला कहानी कहने के पुराने और नए तरीकों को जोड़ते हुए एक आवश्यक और प्रासंगिक सांस्कृतिक माध्यम बनी हुई है।

# प्रधानमंत्री ने भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) 'समुद्र प्रताप' की कमीशनिंग की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) 'समुद्र प्रताप' की कमीशनिंग को भारत के समुद्री सफ़र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस उन्नत पोत का बेड़े में शामिल होना अनेक कारणों से उल्लेखनीय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कमीशनिंग रक्षा और समुद्री क्षमताओं के क्षेत्र में देश के आत्मनिर्भर भारत के विज़न को और सुदृढ़ करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है, तटीय निगरानी सशक्त होती है और भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। साथ ही, इसमें पर्यावरण-





अनुकूल संचालन सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेशन से स्थायित्व के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता भी परिलक्षित होती है।

एक्स पर श्री राजनाथ सिंह की एक पोस्ट का जवाब देते हुए श्री मोदी ने लिखाः

"भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) 'समुद्र प्रताप' की कमीशनिंग हमारे आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को मजबूती देने, हमारी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्थायित्व के प्रति हमारी वचनबद्धता को प्रतिबिंबित करने आदि सहित अनेक कारणों से उल्लेखनीय है।

## भारतीय नौसेना के प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) की दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी प्रशिक्षण तैनाती

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) के जहाज - आईएनएस तिर, शार्दुल, सुजाता और आईसीजीएस सारथी - 110वें एकीकृत अधिकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (आईओटीसी) के हिस्से के रूप में दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी प्रशिक्षण तैनाती (एलआरटीडी) पर रवाना होंगे।





इस तैनाती के दौरान प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन सिंगापुर, इंडोनेशिया और थाईलैंड के बंदरगाहों पर रुकेगी । इस तैनाती का उद्देश्य अधिकारी प्रशिक्षुओं को व्यापक परिचालन और अंतर-सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना है, साथ ही भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद महासागर क्षेत्र के दृष्टिकोण के अनुरूप दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ भारत की निरंतर समुद्री भागीदारी को सुदृढ़ करना है।

इस दौरान, मेजबान नौसेनाओं और समुद्री एजेंसियों के साथ व्यापक स्तर पर पेशेवर संवाद, प्रशिक्षण कार्यक्रम और सहयोगात्मक गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इनमें संरचित प्रशिक्षण आदान-प्रदान, क्रॉस-डेक दौरे, विभिन्न विषय विशेषज्ञों के साथ बातचीत और संयुक्त समुद्री साझेदारी अभ्यास शामिल हैं।

इन पहलों का उद्देश्य अंतर्संचालनीयता, पारस्परिक विश्वास और समझ को और अधिक बढ़ाना है, साथ ही सर्वोत्तम समुद्री प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। 110वें एकीकृत अधिकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में छह अंतरराष्ट्रीय अधिकारी प्रशिक्षु शामिल हैं, जो मित्र विदेशी राष्ट्रों के कर्मियों की क्षमता निर्माण और व्यावसायिक प्रशिक्षण के प्रति भारतीय नौसेना की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय सेना और वायु सेना के कर्मी भी तैनाती के लिए रवाना हुए हैं, जिससे दोनों सेवाओं के बीच संयुक्तता और सामंजस्य और मजबूत हुआ है। यह दीर्घकालीन प्रशिक्षण तैनाती भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण उत्कृष्टता पर जोर को रेखांकित करती है, साथ ही क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए समुद्री कूटनीति, सद्भावना और सहयोगात्मक दृष्टिकोण में योगदान देती है।

## राजस्थान ने क्षेत्रीय एआई प्रभाव सम्मेलन की मेजबानी की, जो समावेशी और जिम्मेदार एआई के लिए भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहा है




**नई दिल्ली।** राजस्थान क्षेत्रीय एआई प्रभाव सम्मेलन मंगलवार, 6 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के नेतृत्व, नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स और शिक्षाविदों को एक मंच उपलब्ध कराया गया ताकि शासन, बुनियादी ढ़ांचे, नवाचार और कार्यबल विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श किया जा सके। यह सम्मेलन 15-20 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले इंडिया एआई प्रभाव सम्मेलन का पूर्वाभ्यास है।

- **एआई कौशल में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया**

इस सम्मेलन में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव (जो वर्चुअल रूप से उपस्थित थे), भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद और राजस्थान सरकार के सूचना एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर सहित एमईआईटीवाई और राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उनकी भागीदारी ने भारत की एआई-आधारित विकास यात्रा में राजस्थान को एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करने में केंद्र और राज्य के मजबूत सहयोग को रेखांकित किया।

सभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "औद्योगिक क्रांति, बिजली, कंप्यूटर, सेमीकंडक्टर, इंटरनेट और मोबाइल प्रौद्योगिकी के माध्यम से जिस प्रकार का परिवर्तन आया है, वैसा ही परिवर्तन अब एआई के माध्यम से होने वाला है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट लक्ष्य प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण करना है ताकि एआई से संचालित ज्ञान कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित न रहकर प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक घर और प्रत्येक उद्यमी तक पहुंचे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आज एक कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसके तहत दस लाख युवाओं को एआई कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे भारत के युवा इस नए तकनीकी युग के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।"

# संप्रभुता पर सरकार की नीति स्पष्ट और दृढ़, लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा हमारे प्रेरणास्रोत: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** देश अपनी संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर अब एक स्पष्ट और दृढ़ नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे दौर में स्वर्गीय लेफ्टिनेंट जनरल श्रीनिवास कुमार सिन्हा (एस.के. सिन्हा) जैसी विभूतियां सरकार के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित स्मृति व्याख्यान में अपने वीडियो संदेश के माध्यम से कही।

रक्षा मंत्री ने जनरल सिन्हा को एक महान सैनिक, कुशल राजनयिक और राष्ट्रनायक बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।

राजनाथ सिंह ने 1926 में जन्मे






लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा के अदम्य साहस को याद किया। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जनरल सिन्हा ने बर्मा मोर्चे पर बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं, 1947 में जब पाकिस्तान समर्थित कबायली सेना कश्मीर की ओर बढ़ रही थी, तब भारतीय सेना की श्रीनगर तक पहली 'एयरलिफ्ट' के समन्वय में उनकी भूमिका ऐतिहासिक थी।

रक्षा मंत्री ने उनकी पेशेवर दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय और ब्रिटिश स्टाफ कॉलेजों में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट था। वे असाधारण बुद्धि के धनी और बहादुर अधिकारी थे।

### सेना, कूटनीति और प्रशासन में छोड़ी छाप

सैन्य खुफिया निदेशक और एडजुटेंट जनरल जैसे पदों पर रहते हुए जनरल सिन्हा ने सेना को आधुनिक सोच और संस्थागत मजबूती दी। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका योगदान नहीं रुका। नेपाल में भारत के राजदूत के रूप में उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया, जबकि असम और जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के तौर पर सुरक्षा और विकास कार्यों को नई दिशा दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत के लिए हमें उनके आदर्शों से सीखना चाहिए।

### सैनिक को शरीर के साथ दिमाग में भी निवेश करना होगा: CDS

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा को 'सैनिक-राजनेता' और 'विद्वान योद्धा' बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व को ऐसी संस्कृति बनानी चाहिए जहां पेशेवर सैन्य शिक्षा और सत्यनिष्ठा को वीरता के बराबर सम्मान मिले।

CDS ने कहा, "मध्य स्तर के अधिकारियों को अपने शरीर के प्रशिक्षण के साथ-साथ अपने दिमाग में भी उतना ही निवेश करना चाहिए। साहस केवल युद्ध में नहीं, बल्कि नैतिक स्पष्टता में भी निहित है।" उन्होंने साइबर, स्पेस और कॉग्निटिव डोमेन में बदलते युद्ध के तरीकों का जिक्र करते हुए सैनिकों से जनरल सिन्हा की तरह जिज्ञासा और संविधान के प्रति निष्ठा रखने का आह्वान किया।

इस विशेष समारोह में सेना के तीन पूर्व प्रमुख— जनरल एन.सी. विजय, जनरल दीपक कपूर और जनरल दलबीर सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पी.पी. सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम में लगभग 300 सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा के परिवार के सदस्यों ने भी भाग लिया।

# डाक विभाग और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ग्रामीण वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और रसद सुविधा को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** देश भर में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और ग्रामीण परिवारों के लिए वित्तीय, डिजिटल और लॉजिस्टिक्स सेवाओं का विस्तार करने और ग्रामीण बदलाव को गति देने के लिए में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, डाक विभाग (डीओपी) और ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) ने आज समावेशी और टिकाऊ ग्रामीण विकास के समर्थन में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

(डाक विभाग नई दिल्ली स्थित ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए )

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में किया गया ।

यह सहयोग माननीय प्रधानमंत्री के 'डाक सेवा, जन सेवा' को मजबूत करने और इंडिया पोस्ट को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित करने के सरकारी दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित प्राथमिकताओं को भी दर्शाता है, जो ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए इंडिया पोस्ट की अद्वितीय पहुंच का लाभ उठाने पर जोर देती हैं।

डाक विभाग अपने 15 लाख से अधिक ग्रामीण डाकघरों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) और लगभग 24 लाख ग्रामीण डाक सेवकों के व्यापक नेटवर्क के साथ वित्तीय और डिजिटल सेवाओं की अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस साझेदारी का उद्देश्य देश भर में ग्रामीण महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक संस्थानों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, उद्यमिता को प्रोत्साहित करना, डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करना और बाजार तक पहुंच में सुधार करना है।



समझौते के तहत, आईपीपीबी अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से घर बैठे बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगा, जिनमें बचत, भुगतान और धन हस्तांतरण शामिल हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को और सशक्त बनाने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट और प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि डिजिटल लेनदेन सुगम हो सकें, नकद भुगतान को बढ़ावा मिले और जमीनी स्तर पर रिकॉर्ड रखने में सुधार हो सके। एसएचजी सदस्यों को प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे ताकि उनकी भागीदारी को औपचारिक रूप से मान्यता दी जा सके और वित्तीय एवं बाजार संबंधों के लिए उनकी विश्वसनीयता बढ़ाई जा सके।

डाक विभाग अपने डाक कर्मचारियों और ग्रामीण डाक सेवकों के व्यापक नेटवर्क से अंतिम छोर तक सेवा पहुंचाना सुनिश्चित करेगा, जिससे दूरस्थ और कम सुविधा वाले क्षेत्रों तक भी पहुंच संभव हो सकेगी। डाक घर निर्यात केंद्रों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए बाजार पहुंच को मजबूत किया जाएगा, जिससे ग्रामीण उद्यमों के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विपणन और निर्यात के अवसर सुगम होंगे।

इस सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड नामांकन और अद्यतन गतिविधियों को भी समर्थन मिलेगा, जिससे ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन आसान हो जाएगा। डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) को बढ़ावा देकर बीमा कवरेज का विस्तार किया जाएगा, जिसमें स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को बीमा एजेंट के रूप में काम करने के अवसर भी शामिल होंगे।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के रूप में शामिल करके और उन्हें प्रशिक्षण देकर क्षमता निर्माण में और अधिक सहयोग देगा, जिससे आजीविका के नए अवसर पैदा होंगे, साथ ही ग्रामीण समुदायों में वित्तीय साक्षरता बढ़ेगी और डिजिटल रूप को अपनाने में तेजी आएगी।

यह अंतर-मंत्रालयी साझेदारी डाक विभाग की एक विश्वसनीय, प्रौद्योगिकी-सक्षम और नागरिक-केंद्रित संस्था, जो समावेशी विकास, महिला-नेतृत्व वाले विकास और ग्रामीण समृद्धि में निर्णायक योगदान देती है, के रूप में विकसित हो रही भूमिका को रेखांकित करती है।

### श्रीरामजानकी मंदिर के शिखर पर लहराई धर्मध्वजा

# आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बनेगा सिरकट्टी धाम : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को गरियाबंद जिले के सिरकट्टी धाम आश्रम स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर धर्मध्वजा की स्थापना की। उन्होंने आश्रम को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बताते हुए आश्रम परिसर में समरसता भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद पूरे देश में जो आध्यात्मिक चेतना का वातावरण निर्मित हुआ है, उसी की अखंड धारा का विस्तार आज सिरकट्टी धाम में धर्मध्वजा स्थापना के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश ऋषि–मुनियों, साधु–संतों और आध्यात्मिक परंपराओं की पवित्र भूमि है। हमें धर्म को केवल आस्था के रूप में नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय यहीं व्यतीत किया। दंडकारण्य के रूप में विख्यात अबूझमाड़ का विशाल जंगल कभी नक्सल समस्या से प्रभावित क्षेत्र था, जो आज तेजी से नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 39 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निशुल्क तीर्थयात्रा कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना के अंतर्गत भी अब तक पांच हजार से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के पांच शक्तिपीठों के विकास का कार्य भी निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव क्षेत्र के समग्र विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत 148 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है तथा रतनपुर के विकास के लिए भी प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि राजिम कल्प–कुंभ का आयोजन भी इस बार भव्य स्वरूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रीरामजानकी मंदिर का भव्य स्वरूप जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण है। लगभग 22 हजार परिवारों के सहयोग से लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह मंदिर बीते 10 वर्षों की तपस्या का परिणाम है। राजस्थान के शिल्पियों द्वारा पारंपरिक शैली में बिना सीमेंट और छड़ के उपयोग के निर्मित इस मंदिर की आयु लगभग एक हजार वर्ष आंकी गई है। उन्होंने मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की आस्था और एकजुटता का प्रतीक बताया।

# पंडरिया विधानसभा में कल उप मुख्यमंत्री अरुण साव का होगा नगर आगमन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।**



9 जनवरी को पंडरिया नगर में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी का आगमन हो रहा है। इस अवसर पर उनके मुख्य आतिथ्य में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कुल मैदान में सुबह 10 बजे से नगर पालिका परिषद् पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। विधायक भावना बोहरा ने बताया की हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि 9 जनवरी को प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री माननीय अरुण साव जी का आगमन हो रहा है। इस दौरान उनके द्वारा पंडरिया विधानसभा वासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। उनके आगमन व स्वागत को लेकर तैयारियां जारी है और कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार श्री विवेक शर्मा जी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है और मैं पंडरिया विधानसभा की समस्त जनता को भी आमंत्रित करती हूँ की वे इस कार्यक्रम में जरुर पधारें।

भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इन विकास कार्यों से विधानसभा वासियों को सुविधा मिल रही रही है वहीं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। पंडरिया विधानसभा में सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना निर्माण और सामुदायिक संरचनाओं से जुड़े विभिन्न कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन कार्यों का लोकार्पण करते हुए उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा, वहीं कई नई योजनाओं का भूमिपूजन कर भविष्य के विकसित पंडरिया की आधारशिला रखी जाएगी। भाजपा सरकार के लिए विकास, सुशासन और जनकल्याण केवल वादे नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली विकास यात्रा हैं। माननीय श्री अरुण साव जी का आगमन पंडरिया विधानसभा के विकास के प्रति सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा के मजबूत नेतृत्व के कारण क्षेत्र के लिए लगातार नई सौगातें मिल रही हैं और अधूरे कार्य तेजी से पूरे हो रहे हैं। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरेगा और पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करेगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुशासन में 5 वर्षों तक उपेक्षित पंडरिया विधानसभा विगत 2 वर्षों में डबल इंजन भाजपा सरकार के कुशल नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### राजिम त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# साहू समाज का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक उत्थान की मिसाल : साय



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेश मानव समाज के लिए कल्याणकारी है, हमें उनके संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहू सृजन पत्रिका का विमोचन किया। साहू समाज द्वारा मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राजिम माता भक्ति जयंती की बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज समृद्ध और शिक्षित समाज है जो हर दृष्टिकोण से समृद्ध रहा है। साहू समाज का इतिहास भी समृद्ध रहा है। हम सबको दानवीर भामाशाह,बाबा सत्यनारायण जी का आशीर्वाद मिल रहा है। यह समाज निरंतर विकास करें। यही कामना है। जब समाज एक जुट होगा तो केवल समाज ही नहीं प्रदेश और देश भी शक्तिशाली और समृद्ध बनता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम राजिम माता के आशीर्वाद से हर गारंटी को पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ खनिज, वन, उर्वरा से भरपूर है। अब नक्सलवाद से जवान पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। हम सबका संकल्प है कि 31 मार्च तक बस्तर को नक्सल मुक्त कर देंगे। राज्य के विकास में बाधक नक्सलवाद अब खत्मा की ओर है। राज्य को हम सब समृद्धि की दिशा में लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज सिरकट्टी आश्रम में भव्य राम जानकी मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। इस पुण्य अवसर पर हमें शामिल होने का सौभाग्य मिला। जैसे अयोध्या धाम में धर्म ध्वजा स्थापना किए हैं, उसी तर्ज पर यहां कुटेना में भी धर्म ध्वजा स्थापित किया गया है। मेरा सौभाग्य है कि एक साल पहले भी इस अवसर पर शामिल होने का अवसर मिला था।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है। आज हम सभी राजिम माता की जयंती मनाने आये हैं। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम के इस पावन धरती से प्रेरणा लेकर जाएंगे।

# भ्रष्टाचारियों का महिमामंडन और आदिवासियों का शोषण ही कांग्रेस का असली चरित्र : देवलाल ठाकुर

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस का इतिहास आदिवासियों का अपमान करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता देख रही है कि कैसे एक ओर भ्रष्टाचार के मामले में ज़मानत पर छूटे लोगों का 'विजय जुलूस' निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आदिवासी समाज के नेताओं का केवल राजनीतिक इस्तेमाल किया गया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने बुधवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने सुपुत्र के भ्रष्टाचार के मामले में ज़मानत पर रिहा होने पर भव्य स्वागत और जुलूस निकलवा रहे हैं, लेकिन उसी भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद एक आदिवासी नेता की उन्होंने सुध तक नहीं ली। जब भाजपा ने इस दोहरे मापदंड पर सवाल उठाए, तब दबाव में आकर वे अगले दिन उनसे मिलने पहुँचे। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने जानबूझकर कम पढ़े–लिखे आदिवासी नेतृत्व को मंत्री पद दिया ताकि उनके विभागों में 'सिंडिकेट' चलाकर भ्रष्टाचार किया जा सके, जबकि संतकुमार नेताम, मोहन मरकाम और लखेश्वर बघेल जैसे शिक्षित आदिवासी विधायकों को दरकिनार किया गया क्योंकि वे नियम–कानून समझते थे और भ्रष्टाचार में बाधक बन सकते थे।

# बीजेपी सिविल लाइन मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ से की सौजन्य भेंट





**जतिन नचरानी**
**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइन मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा के नेतृत्व में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्री जैसिंघ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा के साथ महामंत्री शैलेन्द्र सोमवंशी, पदमा साहू, कोषाध्यक्ष धनेश मटलानी, रितेश वाधवा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने में सक्रिय योगदान दें।

# वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आईडीसी की बैठक सम्पन्न



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति(आईडीसी)की 313 वीं बैठक नवा रायपुर स्थित महानदी भवन में सम्पन्न हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को ज्यादा लाभ होगा और वनवासियों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में बेहतर आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा और वनवासियों की आजीविका के भी बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

वन मंत्री मंत्री केदार कश्यप ने 312 वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों – महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), इमली ,गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज, जामुन पल आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



# दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग–हटिया–दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया–दुर्ग–हटिया द्वि–साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 31 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा था 7 यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुये इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 30 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है । परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08185 हटिया–दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से दुर्ग के लिये प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 08 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक चलेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग–हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 09 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक चलेगी ।

# मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग के दो सालों की उपलब्धियां गिनाए

**रा**जस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ संवाद के ऑडिटोरियम में पत्रकारों को संबोधित किया और राजस्व विभाग के 2 सालों की उपलब्धियां गिनाए। एग्रीस्टेक के अंतर्गत जियोरिफ्रेंसिंग, फार्मर रजिस्ट्रेशन, डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ किया गया। पटवारी नक्शों के जियोरिफ्रेंसिंग कार्य के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भू–नक्शों का जिओ–रिफ्रेंसिंग किया जा रहा है तथा प्रत्येक भूखंड में यूएल. पिन नंबर देते हुए भू–आधार कार्ड जारी किया जाएगा।



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

नक्शा प्रोग्राम की शुरूवात (18.02.2025 से) राज्य के तीन नगरीय निकाय धमतरी, जगदलपुर, अंबिकापुर के भू–अभिलेखों का अद्यतीकरण के लिए शहरी क्षेत्रों का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। सर्वे–रिसर्वे की योजनाः– ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक क्ळच्ै और त्वअमते के माध्यम से सर्वे–रिसर्वे प्रारंभ किया गया। नगरीय क्षेत्रों के ग्रामों में चांदा–मुनारा के लिए 16 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्र में 1500 के स्केल पर भूमि का नवीन सर्वेक्षण प्रारंभ किया जाएगा। इससे शहरी क्षेत्रों में छोटे भूखंडों को भू–नक्शे पर दर्ज किया जाना संभव हो सकेगा।

भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया को ऑनलाईन एवं सरल करते हुए ।निजव क्पअमतेपवद की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा रहा है। भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्व–नामांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया है। भू–अर्जन के दौरान छोटे टुकड़े कर अनाधिकृत लाभ लेकर अधिक मुआवजा राशि प्राप्त करने पर रोक लगाया गया। परियोजना हेतु आशय पत्र प्राप्त होते ही संभावित क्षेत्र के भूमि पर विक्रय/विनिमय/बंटवारा इत्यादि प्रतिबंधित होगा जिससे शासन को आर्थिक हानि नहीं होगी। पूर्व सरकार द्वारा बेची गई सरकारी जमीनों की जांच जारी है।

रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग जिले में राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के अतिरिक्त न्यायालयों की स्थापना की जाएगी। इस हेतु तहसीलदार के 30 एवं नायब तहसीलदार के 15 नवीन पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। मुंगेली जिले के चकरभाठा और बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के सकर्रा में उप तहसील कार्यालय प्रारंभ किया गया। नवा रायपुर में नवीन तहसील स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। नवगठित अनुविभागों एवं तहसीलों के कार्यालय भवन हेतु 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भू–अभिलेखों को सिविल न्यायालयों से लिंक किया जाएगा। इससे सिविल न्यायालय द्वारा भूमि संबंधी प्रकरणों में पारित आदेशों के परिपालन में भू–अभिलेख का सुधार कार्य ऑनलाइन प्रक्रिया से संभव हो सकेगा। राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार का अधिकार सिर्फ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को था, जिसे तहसीलदारों को प्रत्यायोजित किया गया। जिससे आमजनता को सुविधा हो।

लोक सेवा गारंटी में सेवा प्रदाय किये जाने की अवधि को कम किया गया, जिससे आमजनता का काम सरलता से कम समय में पूर्ण हो। अवैध कालोनी रोकने 5 डिसमिल से कम भूमि के विक्रय पर प्रतिबंध। छत्तीसढ़ जन आवास योजना अंतर्गत 02 एकड़ से 10 एकड़ तक ज्छब् से पंजीयन कर छोटे प्लॉट बेच सकता है। हाउसिंग बोर्ड को राज्य शासन द्वारा आबंटित जमीन को हाउसिंग बोर्ड को प्रदाय किया गया। कॉलोनीयों/अपार्टमेंट में निर्मित सड़क, गार्डन, सामुदायिक भवन अनुशांगिक शेष भूमि को संयुक्त नाम पर दर्ज किया जाना।

स्वामित्व कार्ड वितरण लगभग 80 हजार हितग्राहियों को। छत्तीसगढ़ पट्टाधृति अधिकार नियम के तहत् शहरी क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्तियों को स्थायी/अस्थायी पट्टा प्रदान करने की तैयारी की जा रही है। दीनदयाल उपाध्याय कृषि कल्याण के लिए 562 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत पंजीकृत किसानों को 10 हजार रूपए वार्षिक दिया जा रहा है। प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों में कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि के लिए 115 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर में 100 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई।

राज्य आपदा न्यूनीकरण मद अंतर्गत 77 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। वर्ष 2024–25 के बजट में राज्य आपदा मोचन निधि के लिए 533 करोड़ 60 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के लिए 133 करोड़ 40 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। निर्देशन व प्रशासन के लिए 3.26 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।26ण् आपदाओं का विश्लेषण एवं योजना तैयार करने के लिए 58 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

राज्य स्तर एवं मैदानी कार्यालयों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणीयों के कर्मचारियों की अत्यधिक कमी है। मैदानी अमला में राजस्व निरीक्षक के 1090 पद स्वीकृत है जिसमें से 697 पद भरे है एवं 393 पद रिक्त है। इसी प्रकार पटवारी के 5792 पद स्वीकृत है, जिसमें से 4881 पद भरे है एवं 911 पद रिक्त है। जिला प्रशासन अंतर्गत लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 6752 पद स्वीकृत है, जिसमें से 3871 पद भरे है एवं 2881 पद रिक्त है। राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी प्रशिक्षण शाला में आवासीय छात्रावास की व्यवस्था किया जाना है। पीठासीन अधिकारी, प्रोटोकॉल अधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न किये जाने एवं संशाधनों की कमी के कारण राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों की अत्यधिक संख्या में लंबित है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444